

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 27 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-328 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### बीमा पॉलिसी के नाम पर बुजुर्ग से 10.23 लाख की ठगी

**बिलासपुर,27 फरवरी।** न्यायधानी में अज्ञात ठगों ने इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम एक 66 साल के बुजुर्ग से 10 लाख 23 हजार ठग लिये. ठगों ने पीड़ित बृजनंदन सिंह से मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का अधिकारी बनकर कॉल किया और 44 लाख रुपये के चेक का झांसा देकर उससे रकम ट्रांसफर करवा ली. बाद में जब बृजनंदन को ठगी का एहसास हुआ, तो उसने सकरी पुलिस में घटना की शिकायत दर्ज कराई है. इस मामले में सकरी पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

### पैंट की जेब में फटा मोबाइल,युवक घायल

**बेमेतरा,27 फरवरी।** जिले में मोबाइल फटने से युवक घायल हो गया। घायल युवक पैंट की जेब में मोबाइल लेकर घूमने जा रहा था। इसी दौरान मोबाइल गर्म होने पर जेब से निकालने समय मोबाइल में जोरदार ब्लास्ट हो गया। जिससे घटना में युवक का पैर झुलस गया। पीड़ित युवक नीतीश कुमार वर्मा ग्राम लोलेसरा का रहने वाला है। फ़िलहाल उसका जिला अस्पताल बेमेतरा में इलाज चल रहा है।

### छत्तीसगढ़ में फिल्म छावा टैक्स फ्री

**रायपुर,27 फरवरी।** बॉलीवुड फिल्म छावा को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री घोषित कर दिया गया है। सीएम विष्णुदेव साय ने यह घोषणा उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फिल्म को टैक्स फ्री करने का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की जनता को भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ना और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और शौर्य की भावना जागृत करना है। 'छावा' फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान पर आधारित है, जो मुगलों और आक्रमणकारियों के खिलाफ अपने साहसिक संघर्ष के लिए प्रसिद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने इसे एक ऐतिहासिक गाथा बताया, जिसे हर नागरिक को देखना चाहिए। यह फिल्म विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करेगी और उन्हें अपने इतिहास के प्रति गर्व मह स कराएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ऐसे ऐतिहासिक और राष्ट्रभक्ति से जुड़े फिल्मों को बढ़ावा देती रहेगी। उन्होंने अपील की कि छत्तीसगढ़ की जनता, खासकर युवा वर्ग, इस फिल्म को देखें और अपने गौरवमयी इतिहास को समझें।

### छग किसान कांग्रेस के अभिषेक बने अध्यक्ष

**रायपुर,27 फरवरी।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल करते हुए चार राज्यों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है. कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पार्टी किसान कांग्रेस को और मजबूत बनाने के लिए यह कदम उठा रही है. नई नियुक्तियों के तहत आंध्र प्रदेश में कामना प्रभाकर राव, छत्तीसगढ़ में अभिषेक मिश्रा, मध्य प्रदेश में धर्मेंद्र सिंह चौहान और त्रिपुरा में अशोक कुमार बैद्य को किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है. कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं.

### गंगाजल से नगर निगम के शुद्धिकरण पर ढेबर भड़के

**रायपुर,27 फरवरी।** गंगाजल से नगर निगम के शुद्धिकरण के मामले पर सियासत शुरू हो गई है. पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि यह सभी वर्ग के पार्षदों का अपमान है. शपथ ग्रहण को लेकर ढेबर ने कहा, प्रोटोकॉल के तहत पूर्व महापौर, पूर्व सभापति और कांग्रेस के पार्षदों को फोन किया जाना था. किसी के पास कोई फोन नहीं आया. पूर्व महापौर ढेबर ने महापौर मीनल चौबे को बधाई देते हुए कहा कि वो बड़े नेता के दबाव में निर्णय ले रही है. केवल शपथ ग्रहण का कार्ड भेजने की औपचारिकता पूरी की गई.

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को मोदी सरकार ने दी मंजूरी

### बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में पेश करने की तैयारी



**नई दिल्ली,27 फरवरी।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित वक्फ (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा दिए गए सुझाव शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिल अब अगले संसद सत्र में पेश किया जाएगा, जो 10 मार्च से शुरू होगा। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जेपीसी समीक्षा का नेतृत्व किया और 27 जनवरी को विधेयक को अनुमति देने से पहले इसमें 14 संशोधनों को अपनाया। समिति की 655 पेज की रिपोर्ट बाद में 13 फरवरी को दोनों संसद सदनों में पेश की गई। वक्फ संशोधन विधेयक को भारतीय बंदरगाह विधेयक के साथ मंजूरी दे दी गई और इसे शेष बजट सत्र के लिए सरकार की प्राथमिकता सूची में जोड़ा गया है। कुल 66 संशोधन पेश किए गए - 23 सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों द्वारा और 44 विपक्ष द्वारा। लेकिन विपक्षी संशोधनों को पार्टी आधार पर खारिज कर दिया गया क्योंकि समिति में भाजपा या उसके सहयोगियों के 16 सांसद और विपक्ष के 10 सांसद हैं। एक नया विवाद तब छिड़ गया जब विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि संसद में पेश की गई अंतिम जेपीसी रिपोर्ट से उनके असहमति नोट के कुछ हिस्से हटा दिए गए हैं। सरकार ने जोर देकर कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया, जेपीसी अध्यक्ष को समिति पर आक्षेप लगाने वाले अनुभागों को हटाने का अधिकार था। लेकिन विपक्ष के दबाव में बाद में इस बात पर सहमति बनी कि असहमति नोट को उनके मूल स्वरूप में डाला जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 ने वक्फ अधिनियम, 1995 में बड़े बदलाव पेश किए, जो भारत में मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों के प्रशासन को नियंत्रित करता है।

## कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गेंदू से ईडी कार्यालय में पूछताछ

**रायपुर,27 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**



सुकमा और कोंटा में निर्मित कांग्रेस भवन के लिए मिले नोटिस का जवाब देने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे हैं. गेंदू से ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। गेंदू ने 30 पन्नों की जानकारी के अलावा बाद में ईडी अधिकारियों के मांगने पर कुछ और लिखित जानकारियां सुबोध हरितवाल के माध्यम से उपलब्ध कराई। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक गेंदू दफ्तर से बाहर नहीं आये थे। ईडी ने मंगलवार को नोटिस भेजकर जवाब के लिए आज तलब किया था. ईडी कार्यालय पहुंचे प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने मीडिया से चर्चा में कहा कि सुकमा और कोंटा के राजीव भवन के निर्माण का पाई-पाई का हिसाब ईडी को देंगे. 30 पन्नों की जानकारी तैयार की है. चार बिंदुओं पर पूरी जानकारी तैयार कर ली है. बता दें कि सुकमा और कोंटा में बने कांग्रेस भवन के निर्माण के संबंध में जानकारी के लेने के लिए ईडी की टीम मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तक पहुंच गई थी. मलकीत सिंह गेंदू से बंद कमरे में पूछताछ के बाद टीम ने चार बिंदुओं में गुरवार तक जवाब मांगा था. ईडी कार्यालय के बाहर सुबोध हरितवाल, विकास तिवारी सहित कांग्रेसियों की भीड़ जमा थी।

### सदन में उठा जल स्रोतविहीन गांवों में टंकी और पाइप लाइन बिछाने का मुद्दा

## भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के सवालों पर घिरे मंत्री साव

**रायपुर,27 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने जल स्रोत नहीं होने के बाद भी पाइपलाइन बिछाने और टंकी बनाने पर सवाल करते हुए कहा कि यह खुला करप्शन है. क्या उन अफसरों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी? पीएचई मंत्री अरुण साव ने संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही. यह भी पढ़ें = कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गेंदू पहुंचे ईडी कार्यालय, सुकमा और कोंटा में बने कांग्रेस भवनों की देंगे जानकारीज भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन पर सवाल करते हुए कहा कि चार महीने पहले मुझे विस्तृत जानकारी देने की बात मंत्री ने कही थी, लेकिन आज तक जवाब नहीं दिया गया कि कितने गांव में जल स्रोत नहीं है? कितने गांवों में पाइपलाइन और टंकी बनाई गई है?

पीएचई मंत्री ने कहा कि हर स्कीम में स्रोत आइडेंटिटिफ़ाई था. 653 गाँवों में पाइपलाइन और टंकी बनाई गई है. ग्राम सभा ने अनुमोदन किया है. अप्रैल 2023 में हैंडपंप का टेंडर हुआ. इसके बाद काम का विश्लेषण कर एक साथ सरकार ने छह एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया गया था. भाजपा विधायक ने पूछा कि जब डीपीआर बनाया गया तब जल स्रोत नहीं पाया गया था. मंत्री ने बताया कि हर एक डीपीआर में जल स्रोत चिन्हांकित था. इस पर विधायक ने कहा कि डीपीआर में जल स्रोत नहीं होने के बाद भी पाइपलाइन बिछाई गई. टंकी बनाई गई. यह खुला करप्शन है. क्या उन अफसरों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी? मंत्री ने बताया कि किसी भी ठेकेदार का 70 फीसदी काम नहीं होने की स्थिति में राशि का भुगतान नहीं होगा. जल स्रोत के मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

स्पीकर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा पूर्व सत्रों में किसी भी मंत्री ने सदस्यों के पूछे गए सवालों पर जानकारी भेजने का आश्वासन करने के बाद भी जानकारी नहीं भेजी जाती है तो ये उचित नहीं है. मंत्रियों को उचित समय में जानकारी भेजनी चाहिए. इसके पहले भाजपा विधायक गोमती साय ने पत्थलगांव क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य पर ठेकेदार पर हुई कार्रवाई के संबंध में सवाल किया. पीएचई मंत्री अरुण साव ने बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर सरकार गंभीर है. 19656 गांव को सम्मिलित कर योजना बनाई गई है. 2024 तक योजना निर्धारित थी, लेकिन सरकार ने इसे 2028 तक बढ़ाया है. मंत्री ने बताया कि 80.03 फीसदी नल कनेक्शन हो चुका है. ट्यूबेल खनन 2023 से शुरू हुआ है. अभी तक आधा खनन हो चुका है.2711 पानी टंकियों का निर्माण किया गया है. 351 ठेकेदारों का कार्य निरस्त किया है, वहीं 15 ठेकेदारों को बाहर किया गया है. विधायक ने लंबित कार्य के लिए समयसीमा तय करने की मांग की, जिस पर मंत्री ने पूरी ताकत से कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया.

### महंत ने बंद कारखानों पर उद्योग मंत्री को घेरा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने बंद कारखानों के मजदूरों को




मुआवजा भुगतान का सवाल उठाते हुए कहा कि अगर इसी तरह कारखाने से बंद होते रहे, तो कैसी औद्योगिक नीति बना रहे हैं. उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने नियमों के अनुसार मजदूरों को भुगतान किए जाने की बात कही. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सवाल किया कि जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक कितने उत्पादन केंद्र बंद हुए? उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि पांच उद्योग बंद हुए हैं. सरकार की योजना अनुरूप अनुदान दिया गया था. वित्तीय कारणों की वजह से उद्योग बंद हुए हैं. 2023 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान 18 उद्योग बंद हुए थे, और बीते पाँच साल में 27 उद्योग बंद हुए हैं. डॉ. महंत ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर पंडरिया में शक्कर कारखाना शुरू हुआ था. 28 फ़रवरी को इसे बंद कर दिया गया, क्योंकि गन्ने का भुगतान नहीं किया गया. भोरमदेव का शक्कर कारखाना और बालोद का शक्कर कारखाना भी बंद कर दिया गया है.

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक रिवॉल्विंग फण्ड बनाया था, जिससे भुगतान होता है. यदि कारखाने इस तरह से बंद होते रहे, तो कैसी औद्योगिक नीति बना रहे हैं. उद्योग बंद होने पर कारखाना अधिनियम में मुआवजा देने का प्रावधान है. क्या मजदूरों को मुआवजा का भुगतान किया गया है? इस पर उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा कि श्रम अधिनियम के अनुसार मजदूरों के भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी. जो नियम में होगा वैसा किया जाएगा.

### 14 उद्योगों पर 10.51 लाख का हुआ जुर्माना

रायगढ़ जिले में कच्चे माल, उत्पाद और अपशिष्ट परिवहन के दौरान पर्यावरणीय सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल द्वारा बीते सप्ताह की गई निरीक्षण कार्रवाई में 14 उद्योगों पर कुल 10.51 लाख रुपये का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति शुल्क अधिरोपित किया गया है। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने बताया कि 15 से 21 फरवरी 2025 के दौरान गठित जिला स्तरीय जांच कमेटी ने चंद्रपुर, कोडातराई, हमीरपुर, ढिमरापुर, तमनार, घरघोड़ा और पलगढ़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कच्चे माल, उत्पाद और अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान कई वाहन बिना तारपोलिन कवर के खुले में कच्चा माल परिवहन करते पाए गए, जिससे पर्यावरणीय प्रदूषण फैलने की आशंका बढ़ गई। इसके अलावा, कुछ वाहनों में 5 सेमी. फ्री बोर्ड स्पेस का अभाव था, जिससे सामग्री गिरने का खतरा था। कई वाहनों पर संबंधित नोडल अधिकारी का नाम अंकित नहीं था, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## विपक्ष में कौन नेता है..पता ही नहीं चलताः मूणत

### बहिर्गमन की घोषणा पर सत्ता पक्ष ने ली चुटकी

**रायपुर 27 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रश्नकाल में आज जल जीवन मिशन के एक सवाल पर विपक्ष ने वाकआउट किया। दरअसल भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कांकेर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन को लेकर एक सवाल पूछा था। उन्होंने सवाल पूछा कि कांकेर जिले के चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गकोंदल विकासखंड में जनवरी 2025 तक कितने जल कनेक्शन दिये जा चुके है और कितने बाकी है। जवाब में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि चारामा, भानुप्रतापपुर और दुर्गकोंदल में कुल 355 गांवों में नल जल कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि 7 गांवो में कनेक्शन देना बाकी है।इस जवाब को असत्य बताते हुए सावित्री मंडावी ने बताया कि जितनी संख्या बतायी जा रही है, उतनी संख्या में नल कनेक्शन नहीं दिया गया है। ठेकेदारों की तरफ से लगातार लापरवाही की जा रही है। उन्होंने इस मामले में लापरवाह ठेकेदारों पर कार्रवाई की भी मांग की। जवाब देने के लिए जब उप मुख्यमंत्री उठे, तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सीट पर खड़े हो गये। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री से जो जवाब मांगा जा रहा है, वो दे नहीं रहे हैं। कभी वो 84 गांवों की बात कर रहे हैं, कभी 355 गांवों का आंकड़ा दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष उनकी बातों से असंतुष्ट है, इसलिए वो बहिर्गमन कर रहा है।



इधर, भूपेश बघेल ने वाकआउट की बात कही, तो सत्ता पक्ष की तरफ से राजेश मूणत ने तंज कसा.., विपक्ष में कौन नेता है, पता ही नहीं चलताज्कोई भी खड़ा होकर बहिर्गमन करने बात कर देता है और चल देता है। दरअसल संसदीय परंपरा में नेता प्रतिपक्ष की तरफ से से ही बहिर्गमन जैसे फैसले सदन में होते हैं। लेकिन, आज बहिर्गमन की बात कही गयी, तो अपनी सीट पर चरणदास महंत चुपचाप बैठे थे, जबकि उनकी साथ वाली सीट पर ही खड़े होकर भूपेश बघेल ने वाकआउट की बात कह दी। इससे विपक्ष पर सत्ता पक्ष को चुटकी लेने का मौका मिल गया।

## 1 लाख से ज्यादा राजस्व प्रकरण लंबित

### बीजेपी विधायक ने कहा- भगवान भरोसे है 'भुंईया पोर्टल', स्पीकर ने मंत्री से कहा- स्थिति वेंटिलेटर पर जाने से पहले दुरुस्त कर लें

**रायपुर,28 फरवरी।** विधानसभा में गुरुवार को राज्य में लंबित राजस्व प्रकरणों का मुद्दा गूंजा, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने स्थिति की गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा कि 'भुईया पोर्टल' भगवान भरोसे है. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भी इस पर संज्ञान लेते हुए विभागीय मंत्री से कहा कि राजस्व प्रकरणों की स्थिति वेंटिलेटर पर जाने से पहले दुरुस्त कर लें. विधानसभा में विधायक अजय चंद्राकर, उमेश पटेल, शकुंतला पोर्ते ने ध्यानाकर्षण के जरिए लम्बित राजस्व मामला का मुद्दा उठाया. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा - भुईंया पोर्टल भी लगता है कि किसानों को परेशान करने के लिए बनाया गया है. 35 फीसदी डाटा की ग़लत एंट्री की है. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा - भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार का अधिकार एसडीएम और तहसीलदार के पास है. पूर्व सरकार ने इसे एसडीएम तक सीमित कर दिया था. नए संशोधन में यह अधिकार अब तहसीलदार को भी दिया गया है. है. कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन अपनी जमीन संबंधित जानकारी देख सकता है. राज्य में 1 लाख 49 हज़ार 479 राजस्व प्रकरण लंबित हैं. इस पर अजय चंद्राकर ने कहा - लोक सेवा गारंटी अधिनियम का राजस्व विभाग पालन नहीं कर रहा है. लोक सेवा अधिनियम का पालन नहीं करने पर कितने अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई है. राजस्व मंत्री ने बताया कि लंबित प्रकरण में अपील करने पर सुनवाई होगी. लम्बित प्रकरणों की संख्या बढ़ी है. बजट सत्र के बाद राजस्व पखवाड़ा चलेगा. लंबित प्रकरणों की सुनवाई होगी. अजय चंद्राकर ने पूछा - भुईया पोर्टल में होने वाली त्रुटि कौन सुधारता है? राजस्व मंत्री ने बताया कि पोर्टल का संचालन एनआईसी करता है. त्रुटि सुधारने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा - भुईया पोर्टल में होने वाली त्रुटि को सुधारने के लिए समयसीमा सात दिनों की है लेकिन इसे सुधारा नहीं जा रहा है. भुईया पोर्टल क्या भगवान भरोसे है? उन्होंने पूछा- राजस्व प्रकरण को लेकर उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद क्या कार्रवाई की गई? मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- राजस्व प्रकरणों को लेकर शिविर का आयोजन किया गया था. अजय चंद्राकर ने कहा- राजस्व प्रकरण निपटाने के लिए एक भी कार्रवाई नहीं की जा रही है. भुईया पोर्टल की त्रुटि भी तीन-चार महीने तक नहीं सुधारी जा रही है. एनआईसी से मिलकर आनलाइन त्रुटि करवाई जाती है. स्पीकर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा- लंबित राजस्व प्रकरणों के लिए यह सुनिश्चित कि जाए कि कार्ययोजना बनाकर विभाग काम करे. इस पर राजस्व मंत्री ने कहा- जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की जाएगी. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने पूछा- राजस्व प्रकरणों को लेकर किसानों की अपील के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है. एक साल से ज्यादा का वक्त हो गया है. अकलतरा में तहसील कार्यालय का चक्कर लगा-लगा कर एक व्यक्ति ने खुदकुशी की कोशिश की है.

## कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 30 लाख की लूट

**सरगुजा,27 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 3 नकाबपोश हथियार बंद बदमाशों ने किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 30 लाख की लूट की है। बदमाश 25 लाख के जेवरात और ढाई लाख कैश लूट ले गए। घटना CCTV में कैद हुई है। घटना सीतापुर थाना इलाके के नवापारा की है। जानकारी के मुताबिक, रिटायर्ड फॉरेस्टर राधेश्याम गुप्ता का परिवार बुधवार की रात खाना खाने के बाद घर पर सो रहा था। उनका बेटा अजय गुप्ता किराना दुकान का संचालन करते हैं। रात करीब 1.30 बजे कट्टे और तलवार से लैस 3 नकाबपोश बदमाश मेन गेट तोड़कर घर में घुस गए। बदमाशों ने राधेश्याम गुप्ता समेत उनके दो बेटों के कमरों को खटखटाकर खुलवाया। उसके बाद पूरे परिवार को बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी दी। उनके अलमारी में रखे कैश और सोने-चांदी के जेवरात निकलवा कर लूट लिए। महिलाओं से पहने जेवर भी



उतरवा लिए। इतना ही नहीं बदमाशों ने परिवार के सभी सदस्यों के फोन छीन लिए। जिसे जाते समय घर के बाहर फेंक दिया। पूरे परिवार को कमरों में बंद कर दिया। फिर भाग गए। राधेश्याम गुप्ता के पोते का कमरा बाहर से बंद नहीं होता था। उसे लुटेरों ने वैसे ही छोड़ दिया। जिसके बाद पोते ने घर में बंधक बने परिजनों को दरवाजा खोलकर बाहर निकाला। उन्होंने आवाज देकर पड़ोस में रहने वाले राधेश्याम गुप्ता के भाई के परिवार को उठाया। भाई ने मेन गेट खोला, तब सभी लोग बाहर निकल पाए। पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम घर पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।लूट की सूचना रात करीब 3 बजे सीतापुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि घटना किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस लूटे गए कैश और सोने-चांदी का आकलन कर रही है। वहीं, पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

## मंत्रियों के साथ सीएम योगी ने चलाया स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मियों के साथ किया भोजन

**प्रयागराज,27 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह पहल स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने और प्रमुख धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। अभियान के दौरान, सीएम योगी ने अधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ, पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए, घाट क्षेत्र की सफाई की। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने और नदी तटों और तीर्थ स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से प्रयागराज जैसे आध्यात्मिक महत्व के स्थानों पर, जो कुंभ मेले की मेजबानी करता है। स्वच्छता अभियान में स्थानीय अधिकारियों, स्वयंसेवकों और भक्तों




की भागीदारी देखी गई, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ उत्तर प्रदेश के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के संदेश को बल मिला। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केपी मौर्य और कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने प्रयागराज के अरैल घाट-संगम पर पूजा की।

प्रयागराज में 45 दिनों तक विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम-महाकुंभ बुधवार को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ संपन्न हो गया। तेरह जनवरी से प्रारंभ हुए इस मेले में देश विदेश से 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में सीएम योगी ने सफाईकर्मियों के साथ भोजन किया। संगम पर झाड़ू भी लगाई। महाकुंभ के समापन पर सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। सभी ने गंगा नदी से कचरा निकाला। गंगा पूजन भी किया, फिर सफाईकर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। इधर, पीएम मोदी ने एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट शीर्षक से ब्लॉग लिखा। उन्होंने लिखा- इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।

**स्वच्छता कर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान-** सरकार ने तय किया है कि प्रयागराज से जुड़े स्वच्छता कर्मियों को अतिरिक्त 10 हजार रुपए का बोनस देंगे। हम लोग नई व्यवस्था करने जा रहे हैं। स्वच्छता कर्मियों को जो 8 से 11 हजार रुपए महीने के मिलते थे, अब इसे अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16 हजार करेंगे। साथ ही सभी कर्मचारियों को आयुष्मान योजना से जोड़ कर जन आरोग्य बीमा का लाभ देंगे।

## महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए साय ने योगी को दी बधाई

**रायपुर,27 फरवरी।** प्रयागराज में भव्य महाकुंभ के समापन के बाद आज छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी है. सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज मैंने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से दूरभाष पर चर्चा कर प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन के सफल समापन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी. यह भव्य और विराट आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है. साथ ही, मैंने छत्तीसगढ़ राज्य के श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ मेला परिसर में साढ़े चार एकड़ भूमि आवंटित करने हेतु उनका हृदय से आभार व्यक्त किया. इस मंडप में छत्तीसगढ़ के 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने निःशुल्क आवास, भोजन एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया और संगम में स्नान का पुण्य प्राप्त किया. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन एवं संत-समाज के सान्निध्य में संपन्न हुए इस भव्य आयोजन के लिए पुनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उनकी पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं साधुवाद.आज मैंने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से दूरभाष पर चर्चा कर प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन के सफल समापन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। यह भव्य और विराट आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है।

## एक नजर

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 27 फरवरी।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोडकर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305,331 (3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि माडल टाउन, नेहरू नगर निवासी अवनीश चन्द्र चक्र साप्टवेयर इंजीनियर इनफोसिस कपंनी भुवनेश्वर में आनलाइन वर्क फार्म होम काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी सास आशाराम नगर जामुल में रहती है। 22 जनवरी को प्रार्थी की सास अपने घर में ताला लगाकर छोटी बेटी के घर जगदलपुर चली गई थी 25 फरवरी की सुबह 9 बजे प्रार्थी की सास श्रीमती नियती यादव ने फोन कर बताया कि पडोसी फोन किये थे कि घर का ताला खुला हुआ है। जामुल गये तो देखे कि घर के लोहे का मेन गेट का कुण्डी टूटा हुआ था भीतर के कमरे का दरवाजा का कुण्डी टूटा हुआ था आलमारी के लॉकर में सोने का अंगूठी 1 नग, 7 नग सोने का नाक का फुल्ली, 1 जोड़ी सोने का कान का बाली लाकर में था एवं लोहे का पेटी में 5 नग चांदी का सिक्का, 5 नग चांदी का चाबी गुच्छा, 3 जोड़ी चांदी का पायल, 1 जेंटस घड़ी अज्ञात चोर घर का कुण्डी तोड़कर चोरी किया है।

### जॉब का झांसा देकर महिला से ठगी

**भिलाई, 27 फरवरी।** भिलाई पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलगांव पुलिस ने बताया कि ऋषभ ग्रीन सिटी फ्लैट नंबर ई 104 पुलगांव निवासी रुपल जैन के मोबाइल नंबर को वाट्सअप पर पार्ट टाइम जॉब करने के नाम का एक मैसेज आया था। जिसमें बताया गया था कि एक वीडियो बनाकर स्क्रीनशॉट भेजना है उस काम के लिए संपर्क करने का झांसा दिया गया अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़ित को एक लिंक के माध्यम से संपर्क करने पर टेलीग्राम लिंक आया। लिंक नंबर ब्रिटिश घोषाल 0955 नाम से था। अज्ञात ने महिला को एक वेतन कोड डब्लूसी 9554 भेजा था। जिसके बाद पीड़िता का बैंक खाता का मांग किया गया। तब महिला ने अपना एसबीआई बैंक खाते की जानकारी दी गई। खाता में 120 रूपये बैंक में जमा आया। फिर टेलीग्राम ग्रुप में जुडने को कहा गया था। जुडने पर क्रुड ग्रुप और फायनेशियल आफिसर ग्रुप में ज्वाइनिंग करने को कहा गया। ग्रुप में जुडने पर टास्क के लिए वीडियों स्क्रीन शॉट की मांग की गई। दो टास्क पूरा करने के बाद मोबाइल नंबर में टास्क मिलते गया 6 से 15 फरवरी तक अलग अलग दिनों में एसबीआई बैंक खाते से 7 लाख 63 हजार 980 रूपये और युनियन बैंक से 34 हजार 200 रूपये का ठगी किया गया। कुल 798180 रुपए का महिला से ठगी हुआ है महिला को जो मैसेज वाट्सअप पर आया था उसमें मीनल अय्यर लिखा हुआ था ।

### कार्य में लापरवाही, तीन निलंबित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के नियमों के विपरीत कार्य करने पर तीन कर्मचारी क्रमशः रामकुमार मर्सकोले शिक्षक जेआरडी आत्मानंद स्कूल दुर्ग, विनीत वर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पालिक निगम दुर्ग और हरिशंकर साहू उप अभियंता नगर पालिक निगम दुर्ग

# महाशिवरात्रि पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने त्रिवेणी संगम में संतों के साथ किया शाही स्नान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजिम कुंभ कल्प में त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के साथ शाही स्नान किया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। शाही स्नान के बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भगवान राजीव लोचन और भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन कर प्रदेश की समृद्धि और उन्नति के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक परंपरा, भक्ति और सनातन संस्कृति का महोत्सव है, जो हमें जीवन में संयम, त्याग और साधना का मार्ग दिखाता है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्रद्धालुओं और संत समाज का अभिवादन करते हुए कहा कि राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, जहाँ संत-महात्माओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया और कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती संत परंपरा की धरोहर रही है, जिसे सशक्त बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

### महाशिवरात्रि पर विधायक भावना बोहरा और जिपं सदस्य दीपा ध्रुवे ने शंकर भगवान की पूजा की





**कवर्धा, 27 फरवरी।** ग्राम कामठी में महाशिवरात्रि पर्व पर शंकर भगवान शिव जी की पूजा पंडरिया विधायक भावना बोहरा और जिला पंचायत सदस्य दीपा ध्रुवे ने की । कामठी पहुंचते ही जिला पंचायत सदस्य दीपा ध्रुवे ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को विरन की माला पहनाकर स्वागत किया । जिला पंचायत एक में सर्वांगीण विकास पर हमेशा ध्यान दूंगी और गर्मी में पेयजल की दिक्कत होती है जिस पर विशेष ध्यान दूंगी । गांवों के पंडरिया विधायक भावना के कामठी पहुंचते ही गांव में खुशी की लहर दिखी ओर नई जिला पंचायत सदस्य दीपा को भी लोगों ने जीत की बधाई दी ।



### सरपंच विनय चंद्राकर ने सांसद विजय बघेल से भेंट की

**उतई, 27 फरवरी।** धौराभाठा के नवनिर्वाचित युवा सरपंच दाऊ विनय चंद्राकर ने अपने पंचों के साथ दुर्ग सांसद विजय बघेल से उनके निज निवास सेक्टर 5 में सौजन्य भेंट कीइस अवसर पर सरपंच विनय चंद्राकर,, जसवंत साहू, दौलत साहू, चोवा राम साहू, नरेश साहू, एकानंद साहू, परमानंद ठाकुर, पंकज चंद्राकर, विवेक चंद्राकर, करण ठाकुर, राजेंद्र साहू, कुंदन साहू, सरवन साहू, अरुण साहू,संता ठाकुर, सोहन देवांगन,लीला साहू, गीता साहू, सीमा निर्मल, दुर्गा साहू, मोना साहू, देवकी साहू, दूरपत ठाकुर, फूलबाई साहू, निलेश ठाकुर, इंदर विश्वकर्मा, कौशल्या ठाकुर, रंजिता ठाकुर,आदि शामिल रहे।



### धनोरा में 2 मार्च को शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन

**उतई, 27 फरवरी।** धनोरा कोसरिया मरार समाज दुर्ग राज के तत्वोंधान में धनोरा परिक्षेत्रीय के द्वारा 2 मार्च को शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष यशवंत पटेल ने बताया कि सुबह 9 बजे कलश यात्रा बजार चौक से निकाल कर मां शाकुभरी शितला मंदिर होते हुए। मेन गली से गोल्डन चौक से वापस बजार चौक पहुंचे गी तत्पश्चात लोक चिन्हारी संस्था भरथरी सिकोसा कु. हेमलाता पटेल की प्रस्तुति होगी दोपहर 2 बजे सामाजिक बच्चो के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतिय 3 बजे अतिथीयो आगमन उद्बोधन होगी समाज में उत्कृष्ट सम्मान बुजुर्ग सम्मान खेल सम्मान शिक्षा सम्मान आदि कार्यक्रम होंगे कार्यक्रम में लगभग 42 गांव से समाजिक लोग उपस्थित रहेंगे। यशवंत पटेल नुमेन्द्र, मोहन, शेष नारायण, रमेश, थैलेश, प्रकाश , रोमन, कल्याण, प्रदीप, परमेश्वर ,अवध, रमेश , रविश, दीपक , तानू राम , जिवन, प्रभा पटेल, पुजा पटेल, चंद्रीका पटेल, लीला पटेल , कामीनी पटेल हितेश्वरी पटेल यह जानकारी मिडिया प्रभारी मनोज पटेल ने दी।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से विधायक देवेंद्र ने लिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 फरवरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात की। विधायक यादव अपने पूरे परिवार के साथ ग्राम सलधा बेमेतरा आश्रम पहुंचे और सह परिवार आशीर्वाद प्राप्त किया। महा शिव रात्रि के अवसर पर पूजा आरती का आयोजन किया गया। जिसमे शामिल हुए और बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना किये। रुद्राभिषेक कर बाबा भोले नाथ की आराधना की। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से विधायक परिवार ने विशेष आशीर्वाद प्राप्त किए। सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय एकता के विषयों पर चर्चा भी हुई। इस दौरान शंकराचार्य जी ने विधायकों को समाज की भलाई और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने इस अवसर पर कहा कि राजनीतिक नेतृत्व और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का समन्वय समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हो सकता है। उन्होंने विधायकों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और



नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। विधायकों ने इस मुलाकात को अपने लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि शंकराचार्य जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे समाज के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी मुलाकातें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस मुलाकात में शंकराचार्य जी के साथ गहन चर्चा की और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। यह मुलाकात सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



### अनेक गांवों में शिवरात्रि पर लोगों ने पूजा-अर्चना की

**उतई, 27 फरवरी।** महाशिवरात्रि का पर्व अंचल के ग्रामों में खोपली , कतारो , कारगडीह ,उतई ,कोकड़ी,कोडिया ,पौवारा सहित अनेक गावो में बड़ी धूमधाम से श्रद्धालुओं के द्वारा शिव मंदिरों में धतूरा बेलपत्र कनेर फूल आदि अर्पित कर भगवान शिव को प्रसन्न कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं श्रद्धालु गण। उतई में वैद राज द्वारा भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना कर भोज भंडारा एव भजन संध्या का आयोजन किया गया था ।

# रैली निकालकर निराकार शिव का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नेहरू नगर में आयोजित आध्यात्मिक शिव संदेश रैली में श्वेत वस्त्रधारी भाई-बहनों ने अपनी एकता और शिव के संदेश के साथ आध्यात्मिकता का परचम लहराया। रैली के दौरान निराकार शिव के संदेश को फैलाते हुए, सभी जनमानस शिवमय हो गए और शांति एवं प्रेम का संदेश दिया गया। रैली का आरंभ नेहरू नगर-पूर्व स्थित बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट राधा कृष्ण मंदिर से हुआ। रैली में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालु रथ के साथ शिव के अद्वितीय संदेश का प्रचार करते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए, गुरुद्वारे के सामने पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली मोहनलाल बाकलिवाल अंडर ब्रिज से होते हुए, अग्रसेन चौक तक पहुंचा, जहां सभी ने शिव के



आशीर्वाद से खुद को अभिभूत महसूस किया। इस रैली का उद्देश्य न केवल शिव जयंती के पावन अवसर को मनाना था, बल्कि समाज में शिव के सत्य, शांति और प्रेम का संदेश फैलाना भी था। रैली में शामिल सभी ने एक स्वर में कहा निराकार शिव है हम सबके पिता और उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं हमें एकता और शांति की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। राजयोग चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिव की शक्तियों को अपने जीवन में धारण प्रेरित किया गया,जिसके पश्चात सभी शिव ज्योतिर्लिंग पर अपनी कमी कमजोरियों को लिखकर अर्पण कर रहे है। रैली के अंतिम पड़ाव पर उपस्थित सभी भाई-बहनों ने शिव ध्वज के नीचे एकजुट होकर दुनिया भर में शांति और समृद्धि की कामना की। इस आयोजन से सभी ने यह संदेश दिया कि आध्यात्मिकता और एकता के माध्यम से ही समाज में वास्तविक शांति लाई जा सकती है। विशेष सभी ने प्रातः काल से ही विभिन्न शिव मंदिरो में संगठित रूप से राजयोग का अभ्यास किया।



### सरस्वती बंजारे ने लिया सांसद बघेल से आशीर्वाद

**भिलाई।** नवनिर्वाचित दुर्ग जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 4 सरस्वती सत्यप्रकाश बंजारे ने अपने समर्थकों के साथ सांसद निवास सेक्टर 5 में क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। सांसद बघेल ने इस एकतरफा जीत को ऐतिहासिक जीत बताया साथ ही सदा विजयी के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रिय नेता रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री नूतन वर्मा, बी आर रामटेके, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, दीपक सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता देवदत्त शर्मा, ओमप्रकाश साहू, किशन गर्ग उपस्तिथ रहे।सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में बहुमुखी विकास होगीः रेखराम बंछोरजिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखराम बंछोर ने इस जीत को अतुल्य बताया। बंछोर ने खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि सरस्वती बंजारे के रूप में दुर्ग जिला पंचायत को एक योग्य, शिक्षित, युवा नेतृत्व मिला जिनके काम से न सिर्फ बीजेपी को मजबूती मिलेगी बल्कि क्षेत्र के सभी वर्गों को प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं का घर पहुँच लाभ मिलेगा। पतंग की बागडोर अब बीजेपी के मजबूत हांथो परः मंडल अध्यक्ष गुप्ता मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता ने इस जीत को विकास की जीत बताया। सत्यप्रकाश बंजारे की गुड मैनेजमेंट और सरस्वती बंजारे द्वारा हर गांव ने डोर टू डोर प्रचार प्रसार कर घर के सभी सदस्यों से आशीर्वाद लेना ही भारी बहुमतों से विजयी होने का प्रमाण है। संघठन के सभी कार्यकर्ताओं की लगन और जनता का विश्वास का जीत बताते हुए सरस्वती बंजारे को बधाई दी।

### सीमेंटीकरण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

**रिसाली,27 फरवरी।** रिसाली सेक्टर वार्ड क्र. 8 के सी ब्लॉक क्वाटर के खाली जगहों में सीमेंटीकरण किया जाएगा। महापौर शशि सिन्हा समेत एमआईसी सद्स्यों ने भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए शशि सिन्हा ने महापौर नीधि से 5 लाख स्वीकृत की है।महापौर ने बताया कि पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने यहां के नागरिकों की समस्या को प्रमुखता से बताया था। दरअसल आवास पुराना होने के कारण सड़क की ऊचाई बढ़ गई है। यही वजह है कि सी ब्लॉक में बारिश का पानी भर जाता है। इस वजह से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया



कि सीमेंटीकरण होने से समस्या से पूर्ण रूप से निजात मिलेगी। भूमिपूजन अवसर पर एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, ममता यादव, परमेश्वर कुमार, चन्द्रप्रकाश सिंह, पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, जमुना ठाकुर आदि उपस्थित थे।इन 5 ब्लॉक का होगा सीमेंटीकरणरिसाली सेक्टर 149, 148, 147, 151 और 142 सी ब्लॉक में सीमेंटीकरण किया जाएगा। महापौर ने निर्देश दिए है कि सीमेंटीकरण वाले स्थान में पेड़ होने पर चबुतरा अवश्य बनाए।

# ज्ञानदीप पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाएंगे प्रधान पाठक युवराज साहू



**उतई, 27 फरवरी।** मचान्दुर को जिला कार्यालय कलेक्टरेट बालोद के सभागार में आज 3ः30 बजे प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी विकास खण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद में पदस्थ

आपके द्वारा किए गए शाला के समस्तगतिविधियां, खेल,योग,कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा, राष्ट्रीय अभियान - स्वच्छता, नशामुक्ति, वृक्षारोपण, मध्याह्न भोजन - पोषण आहार के लिए किचन गार्डन तैयार करने,शिक्षण कार्यों में विशेष रुचि रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान , गुणवत्ता सुधार, पालक-बालक , जनसमुदाय और ग्रामीणों के बीच मधुर संबंध रखने, माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी में अध्ययन रत प्रतिभा वान बच्चों को प्रत्येक वर्ष पुरस्कृत करने जैसे महत्वपूर्ण विभिन्न सराहनीय उत्कृष्ट कार्यों पर एवं शाला प्रांगण में फर्शीकरण, अहाता निर्माण, खेल मैदान सुरक्षित करने, शाला कृषि भूमि में आय का साधन बनवाने, शौचालय निर्माण, गरीब निन्हाय बच्चों को मदद करने आदि अनेक प्रेरणा स्त्रोत कार्यों के लिए पूर्व में सम्मान प्राप्त कर चुके जिला शिक्षा जगत को गौरवान्वित करने वाले प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना 2024 ज्ञानदीप पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### निगम भिलाई में लाटरी निकालकर 24 हितग्राहियों को आवास आबंटन किया

**भिलाईनगर।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया गया। सभापति गिरवर बंटी साहू एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में मकान के लिए लाटरी निकाला गया। लाटरी में वह नागरिक जो पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये थे एवं जिनका पात्र सूची में नाम था और उनके द्वारा मकान का 10 प्रतिशन अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया गया था। उन हितग्राहियो को लाटरी में शामिल कर उनके नाम से एक-एक कर पर्ची निकालकर मकान आबंटन किया गया है। जिन हितग्राहियों के घर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन थे, जिनके घर में दिव्यांग लोग हैं उन सभी को भूतल का मकान आवंटित किया गया।सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 667/493 में मोर आस के 02 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 1120 में मोर आस एव चिन्हारी के 03 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया में 17 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया में हितग्राहियो को किया गया।

# राजा हुआ करते थे छत्तीसगढ़ के आदिवासी:विजय बघेल



**भिलाई, 27 फरवरी।** गोंडवाना समाज बुढादेव समिति द्वारा खुर्सीपार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल रहे। इस दौरान सांसद बघेल को समाज के द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज के द्वारा लगातार 25 वर्ष से आयोजन करते आ रहे हैं। आज मैं सांसद हूँ तो आदिवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी राजा हुआ करते थे। इस अवसर पर हेमन्त नेताम अध्यक्ष, बाबूलाल उइके कार्यकारी अध्यक्ष, नारायण ध्रुव, सीमंत सिंह, मसराम, ओमनाथ नेताम, कुंजलाल ध्रुव, बनवारी सिंह मण्डावी, तुलसी ध्रुवे, ईश्वरी नेताम सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### विधायक रिकेश सेन की दो अहम याचिका विधानसभा में स्वीकृत

**भिलाई नगर, 27 फरवरी।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा आज बजट सत्र के प्रथम दिवस 24 फरवरी को दी गईं दो अहम याचिकाओं को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने स्वीकार करते हुए आज 25 फरवरी को सदन में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की है। आपको बता दें कि विधायक रिकेश सेन ने प्रथम याचिका में वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र अंर्तगत नंदिनी रोड से बोगदा पुलिया, कुरूद, अवंति बाई चौक, गदा चौक सुपेला तक मुख्य सड़क के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण करने एवं नंदिनी रोड नाले के दोनों ओर केनाल रोड निर्माण करने के संबंध में अपनी द्वितीय याचिका दी थी।

# युवक पर चाकू से हमला,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 27 फरवरी।** भिलाई मंच के पास बैठे युवक को गाली गलौज कर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 296 के तहत जुर्म दर्ज किया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम चेटुवा कुम्हारी निवासी संदीप वर्मा मुर्गी फार्म चलाता है छोटा भाई संजय वर्मा का शादी सरिता वर्मा के साथ हुआ था शादी के बाद मेरा भाई बहू सरिता को श्रवण नायक पत्नी बनाकर रखा लिया है। तब से संजय अकेले रहता है 25 फरवरी की रात संजय मंच के पास बैठा था तभी गांव का बंटी ऊर्फ निशांत नायक पहुंचा बिना कारण के गाली गलौज करने गा गाली गलौज को मना करने पर संजय को आरोपी बंटी उर्फ निशांत नायक ने चाकू से जान से मार डालने की नियत हमला कर दिया

## एक नजर

### ऑन ड्यूटी ट्रैक मैन की अहमदाबाद हावड़ा सुपर फास्ट एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत

**डोंगरगढ़, 27 फरवरी।** बोरतलाव स्टेशन के पास डाउन लाईन में रात्रि लगभग 2:30 बजे मेंटेनेंस के दौरान अहमदाबाद हावडा की चपेट में आने से 51 वर्ष रवि शंकर भोंडे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि 2:30 बजे बोरतलाव के समीप किलोमीटर 945/8,10 में रेलवे के कर्मचारियों के द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा था। डाउन लाइन मे मेंटेनेंस के दौरान रवि शंकर बोंड़े पिता श्यामलाल भोंडे 51 वर्ष कार्य कर रहा था। इसी दौरान डाउन लाइन पर अहमदाबाद से हावड़ा की ओर जाने वाली सुपरफस्ट एक्सप्रेस पास हो रही थी। इसी दौरान रवि शंकर भोंडे कार्य के दौरान हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस की चपेट में आ गए.

### शहनाज के भजनों पर झूम उठे शिव भक्त

**डोंगरगढ़, 27 फरवरी।** बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव



के दूसरे दिन मध्यप्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर के डोंगरगढ़ की विमले मैया, शंकर चौरा रे महामाई कर रही सोलह रे श्रृंगार, ये भगवा रंग सहित सभी भजनों पर दर्शक झूम उठे। सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर को देखने और सुनने कार्यक्रम स्थल में हजारों की संख्या में जन समुदाय उमड़ पड़ा। भजन गायिका शहनाज़ अख्तर ने ऐसा शमा बांधा कि पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रारंभ से अंत तक मेला ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भरा रहा। इस दौरान ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टीयों ने चुनरी भेंट कर भजन गायिका शहनाज़ अख्तर का स्वागत किया।

### एनआईए ने बिरजू राम की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ में 6 स्थानों पर तलाशी ली

**मोहला, मानपुर 27 फरवरी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को राजनीतिक नेता बिरजू राम ताराम की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ में सीपीआई (माओवादी) से जुड़े संदिग्धों के कई ठिकानों पर तलाशी ली। महाराष्ट्र की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में छह स्थानों पर एनआईए की टीमों ने गहन तलाशी ली, जिसमें संदिग्धों के परिसरों से मोबाइल फोन, लैपटॉप, प्रिंटर, हार्ड डिस्क, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री/दस्तावेज जब्त किए गए। आरसी-16/2024/ एनआईए/ आरपीआर मामले में एनआईए की जांच के तहत प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के समर्थकों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई। संदेह है कि ये समर्थक/ओजीडब्ल्यू बिरजू ताराम की नृशंस हत्या में शामिल सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र कैडरों को शरण देने और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे। अक्टूबर 2023 में भाजपा नेता की इंसास राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी गई और 8 मार्च 2024 को इस मामले को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया। एजेंसी देश भर में सीपीआई (माओवादी) आतंकी नेटवर्क पर नकेल कस रही है।

### फर्जी मोबाइल सिम जारी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 8 गिरफ्तार

**कोरबा 27 फरवरी।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीणा (भा.पु.से.) ,सीएसपी दर्री विमल कुमार पाठक (भा.पु.से.) एवं एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के नेतृत्व में कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी द्वारा कटघोरा पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में संचालित मोबाइल सिम विक्रेताओं व एजेंटों की जांच की गई। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों ने चैंकाने वाला खुलासा किया। कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी, धवईपुर, डुडगा, कटघोरा सहित अन्य स्थानों से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोबाइल सिम जारी करने के लिए फिंगर स्कैनर का इस्तेमाल करते थे और धोखे से एक ही व्यक्ति के फिंगरप्रिंट को तीन-चार बार स्कैन कर कई सिम कार्ड जारी कर लेते थे। इन फर्जी सिम कार्डों को मोटी रकम में बेचा जाता था, जिससे साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता था। प्रारंभिक जांच में करीब 2,000 फर्जी सिम जारी कर बेचे जाने की जानकारी सामने आई है।

### समापन समारोह में मुख्यमंत्री साय ने कहा

# राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की संस्कृति,परंपरा,सामाजिक समरसता का महापर्व

**रायपुर 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम में आयोजित कुंभ कल्प के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजिम कुंभ कल्प आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का महापर्व है। यहाँ माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक हजारों श्रद्धालु संगम में पुण्य स्नान करते हैं और संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प को भव्यता प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने हर संभव प्रयास किए हैं। इस आयोजन से राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने राजिम कुंभ कल्प की भव्यता को



पुनः स्थापित किया है और इसे और भी भव्य स्वरूप देने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2005 में राजिम कुंभ कल्प की शुरुआत हुई थी, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता का आशीर्वाद और संतों का सान्निध्य निरंतर मिलता रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले कुछ वर्षों में इस आयोजन में कुछ बाधाएं आई थीं, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में पुनः आशीर्वाद देकर सरकार को सशक्त बनाया, जिससे यह महाकुंभ अपने परंपरागत स्वरूप में लौटा।

#### श्रीरामलला दर्शन योजना श्रद्धालुओं के लिए ऐतिहासिक पहल

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान राम के ननिहाल में बसे रामभक्तों की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 'अयोध्या धाम रामलला दर्शन योजना' शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 20,000 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पाँच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है।

#### छत्तीसगढ़ की कृषि समृद्धि-किसानों को सशक्त बना रही सरकार

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। पिछले वर्ष 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी, जबकि इस वर्ष 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा गया है। सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया है। किसानों को उनकी फसल का अंतर भुगतान एक सप्ताह के भीतर सीधे खातों में जमा कराया गया है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ में 144 वर्षों बाद 70 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया, जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाता है।

## समाचार संक्षेप

### आयुक्त सुबह पहुंचे मोहारा जल संयंत्र गृह



- गर्मी में सुचारु पेयजल के लिये आवश्यक व्यवस्था के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 27 फरवरी।** ग्रीष्मऋतु में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज सुबह निगम के तकनीकी एवं अमृत मिशन के अधिकारियों के साथ मोहारा स्थित जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर गर्मी में सुचारू पानी सप्लाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल संयंत्रगृह मोहारा निरीक्षक के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होने कहा कि ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुये एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, मशीन आदि को दुरूस्त रखे, अतिरिक्त मोटर भी रखे ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सकें। जिससे आम जनता को गर्मी में सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। सुचारू पेयजल के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक श्री संजय अग्रवाल ने भी निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि, तीनों सीप्ट में कार्यरत् कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगें।

### ग्राम पंचायत राता पायली की सरपंच बनी उषा साहू

**डोंगरगांव, 27 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सरपंच में डोंगरगांव विकास खंड के ग्राम पंचायत रातापायली में महिला आरक्षण होने की वजह से पांच महिला प्रत्याशी मैदान में थी जिसमें पूर्व में पंचायत का प्रतिनिधित्व कर चुकी उषा बाई साहू भी चुनाव मैदान में थी उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों को मात देते हुए तीन सौ पैंसठ मत हासिल करते हुए अपनी जीत दर्ज कराई विदित हो कि श्रीमती उषा बाई साहू पूर्व में भी ग्राम पंचायत राता पायली के सरपंच के रूप में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपनी गरिमा और ईमानदारी के साथ सरपंच की भूमिका निभाई थी उनकी कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए ग्राम राता पायली के मत दाताओं ने उन्हें उन्हें बहुमत प्रदान करते हुए उन्हें पुनः सरपंच निर्वाचित किया है। श्री मति उषा मोहन साहू ने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है वे ग्राम पंचायत राता पायली के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगी।



## शराब परिवहन मामले में आरक्षक लाइन अटैच और धमकाने वाला घूम रहा खुलेआम

- क्या आरक्षक ही दोषी है या फिर वह अधिकारी जिसने छुड़वाई गाड़ी ?
- क्या निष्पक्ष हो पाएगी जांच या फिर चढ़ेगी राजनीति की भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 27 फरवरी।** गत दिनों धनगांव के पास चेकिंग के दौरान गाड़ी क्रमांक सीजी 08 ए क्यू 2405 में अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया था. उक्त गाड़ी पूर्व पार्षद दीपक चौहान की बताई जा रही है. मौके पर उपस्थित दो आरक्षकों को भी दीपक चौहान द्वारा धमकाते हुए देखा गया है. बताया जा रहा है कि दीपक चौहान द्वारा आरक्षकों को मामला वहीं रफादफा करने कहा. इसके लिए उन्होंने एक वरिष्ठ नेता को भी फोन किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से बात करने की बात भी कहीं. इसी बीच वीडियों वायरल होने कें बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दो आरक्षकों को लाईन अटैच कर दिया है. वहीं दीपक चौहान के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है. बीएनएस की धारा 221, 296 के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. दीपक चौहान की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दीपक चौहान आज शोभायात्रा में घूमते नजर आए.

**क्या आरक्षक ही है दोषी**-शराब परिवहन मामले को संज्ञान में लेते हुए विभाग ने दो आरक्षक को लाईन अटैच कर दिया है. अब सवाल यह उठता है कि क्या आरक्षक ही दोषी है या फिर संबंधित थाना प्रभारी और वह अधिकारी या नेता जिसके कहने पर उक्त मामले को रफादफा किया गया है. हर बार की तरह क्या इस बार भी उक्त मामले को दबा दिया जाएगा और क्या उस अधिकारी या नेता को बचाया जाएगा ?

**क्या निष्पक्ष हो पाएगी जांच**-सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस तरह प्रथम दृष्टया दो आरक्षकों को लाईन अटैच कर दिया गया है. वहीं अब जांच पर भी सवाल खड़े होने शुरू हो गए है. घटना के 48 घंटे बाद भी जिस गाड़ी से शराब परिवहन की जा रही थी, उस गाड़ी को अब तक जप्त नहीं किया गया है और गाड़ी में सवार दो से तीन लोगों के खिलाफ भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है. यदि जांच निष्पक्ष हुई तो और भी कई बड़े अधिकारियों और नेताओं ने नाम सामने आने की उम्मीद है.

**क्या इन बिंदुओं पर पुलिस करेगी जांच** -1. क्या गाड़ी होगी राजसात 2. किस शराब भट्ठी से निकली है इतनी बड़ी मात्रा में शराब, 3. दीपक चौहान और अन्य वह लोग कौन है, जो गाड़ी में शराब लेकर जा रहे थे. 4. क्या दीपक चौहान के मोबाइल का सीडीआर निकाला जाएगा और उक्त नेता का नाम उजागर होगा जिसे दीपक चौहान ने फोन किया था.

### ग्राम बोदेला में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह

**राजनांदगांव, 27 फरवरी।** सत्संग प्रेमी सज्जनों को यह जानकर परम आनंद होगा कि सदगुरु कबीर सत्संग आयोजन समिति व समस्त ग्रामवासी बोदेला के द्वारा त्रि-दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन दिनांक 27, 28 फरवरी व 1 मार्च दिन गुरुवार ,शुक्रवार, तथा शनिवार को किया गया है। प्रमुख उपदेशक के रूप में



सद्गुरु की प्रकट भूमि लहरतारा काशी धर्म स्थान खरसिया से परम पूज्यपाद धर्माधिकारी श्री सुधाकर दास शास्त्री साहेब जी पधार रहे हैं।तीन दिनों तक के अनुभव युक्त व्यवहारिक अमृत उपदेश को श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त होगा। पूज्य श्री के साथ संत श्री गौतम दास जी, संत श्री टुकेश्वर दास जी, संत श्री अनुपम दास जी, संत श्री रामचंद्र दास जी, संत श्री दिनेश दास जी, व संत श्री विवेक दास जी भी कार्यक्रम में पधारेंगे अतःपूज्य श्री के सानिध्य का लाभ लेने आप अपने परिवार तथा इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं कार्यक्रम के अंतिम दिवस 1 मार्च को चौका आरती एवं भोजन भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी हेमंत साहू ,बिजे लाल साहू व दुष्यंत वर्मा द्वारा दी गई।

### मुख्यमंत्री साय ने 'छावा' हिंदी फिल्म को किया टैक्स फ्री घोषित

**रायपुर। 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐतिहासिक वीर गाथा पर आधारित हिंदी फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री घोषित करने की घोषणा की है। उन्होंने आज राजिम कुंभ के आयोजन उपरांत मीडिया से चर्चा के दौरान यह घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छावा फिल्म को टैक्स फ्री करने का निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम एवं शौर्य की भावना जागृत करने के उद्देश्य से लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'छावा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐतिहासिक परंपराओं, वीरता और स्वाभिमान की गाथा है, जिसे हर नागरिक को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवा वर्ग को प्रेरित करेगी और छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य, बलिदान और नेतृत्व को व्यापक रूप से प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री साय के इस फैसले से राज्य के सिनेमाघरों में फिल्म देखने के इच्छुक दर्शकों को मूल्य में राहत मिलेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इसे देख सकेंगे और भारतीय इतिहास की समृद्ध विरासत से प्रेरणा ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने मुगलों और अन्य आक्रांताओं के खिलाफसंघर्ष करते हुए अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और बलिदान की अमर गाथा लिखी। फिल्म उनके अदम्य साहस और बलिदान को जीवंत करती है और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज को प्रेरणा देती हैं और सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी फिल्मों को प्रोत्साहित करती रहेगी, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ी रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता, विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे इस फिल्म को देखें और भारतीय इतिहास के उन स्वर्णिम पन्नों को समझें, जो आज भी हमारे जीवन को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जिले के किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरतः कलेक्टर

- आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कहा
- पीजीएन, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल, जन चौपाल में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की, शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों से जुड़े सभी विभाग कार्यों में गति लाए तथा भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। सभी विभाग योजनाओं की भौतिक व वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी अद्यतन करें। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल, जन चौपाल में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग, चावल जमा की प्रगति, धान की खरीदी, धान का उठाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों में धान सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। खाद-बीज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सतत आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत जिले के किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरत है। इसमें आ रही तकनीकी दिक्कत को दूर करते हुए किसानों को इस योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। गर्मी के दिनों में भू-जल स्तर नीचे चला जाता है, इसे ध्यान में रखते हुए ऐसे ग्रामों को चिन्हांकित कर ले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में हितग्राहियों के प्रकरण बैंक में लंबित रहते है, उसके संबंध में सभी विभाग जानकारी दें, ताकि समस्या का निराकरण किया जा सके और हितग्राही को ऋण की स्वीकृति समय पर मिल सके। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कही।

## बैठक में ग्रेच्युटी 20 लाख से 25 लाख रुपए करने की मांग

- कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी की बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोरबा 27 फरवरी।** कोलकाता स्थित मुख्यालय में कोल इंडिया एपेक्स जेसीसी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने की। बैठक में एजेंडे के तहत उत्पादन, उत्पादकता, वसूली, कोयले की गुणवत्ता, संसाधनों की उपयोगिता, खर्च और लाभ आदि विषयों की प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई। प्रबंधन ने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। बैठक में एटक नेता रमेंद्र कुमार ने रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिक्रेट होल्डर्स के कॅरियर ग्रोथ का मुद्दा उठाया। इस पर प्रबंधन ने कहा कि मामले को देख रहे हैं। ग्रेच्युटी 20 लाख से 25 लाख रुपए तक करने, दुर्घटना अनुकंपा राशि 15 से 25 लाख रुपए किए जाने की मांग उठाई गई। बैठक में मेडिकल अनफिट का भी मुद्दा उठाया गया। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रबंधन ने कहा कि इस संदर्भ में संसद को जवाब भेजा गया है। बैठक में प्रबंधन की ओर निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) विनय रंजन, निदेशक मार्केटिंग, निदेशक बिजनेस डेवेलपमेंट, निदेशक वित्त, निदेशक तकनीक, ईडी कॉर्डिनेशन, जीएम एडमिनिस्ट्रेशन, जीएम (ई-टी) की उपस्थिति रही।

## आग लगने से मकान में रखा कीमती सामान जलकर खाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोरबा 27 फरवरी।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 रामपुर बस्ती के एक मकान में एकाएक भीषण आग लग गई। आग से घर में रखें कीमती समान जलकर खाक हो गए। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार रामपुर बस्ती में रामेश्वर दास नामक युवक अपने परिवार के साथ निवास करता है। वह रोज की तरह काम करने के लिए घर से निकला, उसका बेटा भी किसी कार्य से बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा हुआ था। बुधवार को दोपहर लगभग 1रू00 बजे अचानक घर से धुआं निकलते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी सिविल लाइन थाना पुलिस व डायल 112 के टीम को दी। डायल 112 की टीम पहुंचने से पहले ही पड़ोसियों ने घर का ताला तोड़कर आग पर काबू पा लिया। परंतु तब तक हजारों रुपए के कीमती सामान जलकर खाक हो चुके थे।

घटना के संबंध में रामेश्वर दास कुछ भी नहीं बता पाया कि उन्हें कितना का नुकसान हुआ है।

### महाशिवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने विशाल रैली निकाली



**नगरी, 27 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दिनांक 26.02.2025 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी के तत्वाधान में विशाल कार रैली व कलश यात्रा निकाली गई। सुबह सत्र में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन के मार्गदर्शन में परमपिता शिव परमात्मा का संदेश देने के लिए विशाल कार रैली व कलश यात्रा को सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायिका माननीया श्रीमती अंबिका मरकाम जी ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, माननीया अंबिका मरकाम जी, भानेंद्र ठाकुर जी तथा संस्था के सैकड़ो की संख्या में भाई बहन शामिल हुए । यह विशाल शोभायात्रा ब्रह्माकुमारीज केंद्र से निकलकर नगरी नगर के गली चौराहों में शिव दर्शन झांकी,नृत्य व गीतों को गुंजित करते हुए नगर का भ्रमण किया जो की विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा । तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में शिव झंडा वंदन कर मंचीय कार्यक्रम का आगाज किया गया। जिसमें धमतरी से पधारी आदरणीय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी इंचार्ज जिला धमतरी, ब्रह्माकुमारी भावना बहन तथा नगर पंचायत नगरी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री बलजीत छाबड़ा जी श्रीमती प्रेमलता नागवंशी जी (जनपद सदस्य) श्रीमती दुर्गेश नंदनी जी (जनपद सदस्य) श्रीमती चेलेश्वरी साहू पार्षद नगरी, श्रीमती विनीता कोठारी पार्षद नगरी, श्रीमती डाकेश्वरी साहू जी पार्षद नगरी, श्री राजा पवार पार्षद नगरी सहित बड़ी संख्या में भाई बहन ने शिरकत दी। कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता शिव की याद में दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा ब्रह्मकुमारी बहनों ने अतिथियों का स्वागत सत्कार कर ईश्वरीय प्रतीक चिन्ह भेंट की। तत्पश्चात आदरणीया राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी जी ने सभा को संबोधित करते हुए 89 वीं शिव जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

### बंदियों की आस्था को बनाए रखने एवं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए की गई अनोखी पहल

# मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री की पहल पर जिला जेल में महाकुंभ स्नान का आयोजन

- जेल में निरुद्ध 358 बंदियों ने प्रयागराज से लाए गंगा जल की पूजा-अर्चना की एवं किया स्नान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा की पहल पर जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान के लिए 358 बंदियों ने प्रयागराज से लाए गंगा जल की पूजा-अर्चना की एवं स्नान किया। इस अवसर पर बंदियों में उत्साह रहा। बंदियों ने इस स्नान के माध्यम से मानसिक और आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति की आशा व्यक्त की। कैदियों के बीच धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देने के लिए जेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ स्नान के आयोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। शासन की इस



अनोखी पहल से सभी बंदियों में हर्ष का वातावरण दिखा एवं काफी उत्सुकता एवं प्रसन्नता से बंदियों ने महाकुंभ स्नान किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री अक्षय सिंह राजपूत, सहायक जेल अधीक्षक सुश्री पूजा तिवारी एवं जेल के सभी स्टॉफ उपस्थित थे। जेल अधीक्षक श्री अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का आयोजन कराया गया। प्रयागराज से गंगाजल उपलब्ध कराया गया है। समस्त बंदियों ने पूजा की और स्नान किया तथा उनमें एक सकारात्मकता दिखी है। उनके मन में यह बात थी कि वे महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज नहीं जा पा रहे है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जेल में निरूद्ध 358 बंदियों के लिए यह विशेष आयोजन किया गया। पुलिस विभाग द्वारा सुधारात्मक सेवाओं पर कार्य किया जा रहा है। जेल बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर सुधारात्मक क्षेत्र में लाना है। उनकी आस्था को जीवंत रखना एवं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए यह पहल की गई है।


## संपादकीय

### मोटापा व्यक्तिगत के साथ राष्ट्रीय समस्या भी है

हर आदमी चाहता है कि वह स्वस्थ और सुडौल रहे लेकिन सिर्फ चाहने से तो हर कोई स्वस्थ व सुडौल शरीर के मालिक नहीं हो सकते। इसके लिए निरंतर प्रयास करना पड़ता है। अपने नियमित खान-पान के साथ ही नियमित शारीरिक श्रम भी करना पड़ता है। जो लोग यह कर पाते हैं वह स्वस्थ भी रहते हैं और सुडौल भी बने रहते हैं। मोटापा कभी उनकी समस्या नहीं रहता है। मोटापा अक्सर उनकी समस्या रहता है जो अनियमित खाते है,ज्यादा खाते हैं, शारीरिक श्रम नहीं करते हैं,आरामतलब होते हैं। उनको खाना खाते ही आराम करने की इच्छा होती है। इससे शरीर में चर्बी जमा होती है और एक बार शरीर में चर्बी जमा हो गई तो वह कम नहीं होती है, उसे कम करने के लिए भी शारीरिक श्रम करने को ही कहा जाता है। या फिर महंगा इलाज कराना पड़ता है। शरीर मे ंचर्बी जमा होने के कारण ही आदमी का शरीर बेडौल हो जाता है, वह सुंदर की जगह असुंदर दिखता है। बचपन, किशोर व युवा अवस्था में आदमी मोटा हो जाए, उसका पेट निकल आए तो सब उसका मजाक उडाते हैं। लड़कियां भी उनको पसंद नहीं करती हैं। इसी तरह लड़कियां भी बचपन, किशोरी या युवा अवस्था में मोटी हो जाती है तो वह अनाकर्षक हो जाती है, उनको भी कोई पसंद नहीं करता है। मोटे लोग शारीरिक श्रम नहीं पाते हैं। वह थोड़ा श्रम करने पर हांपने लगते हैं। वह किसी काम के नहीं रह जाते हैं। कहा जाता है कि मोटापा बीमारी का घर होता है। यानी मोटापे के साथ ही कई तरह की बीमारियां आदमी को हो जाती हैं। बीमार आदमी अपने लिए तो समस्या होता ही है, घर वालों के लिए भी समस्या बन जाता है। बीमार आदमी न खुद खुश रहता है और दूसरों को खुश रहने देता है। घर परिवार में खुशी तब ही रहती है जब सारे लोग स्वस्थ रहते हैं सुडौल रहते हैं, फिट रहते हैं। स्वस्थ व फिट रहने वाले लोग ही वाकई में जीवन का आनंद उठा सकते हैं। स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। यदि आप स्वस्थ नहीं है तो आपके पास कितना भी धन हो आप आनंदित नहीं रह सकते। आदमी स्वस्थ है तो बिना धन के भी आनंदित रह सकता है। आदमी स्वस्थ नहीं है तो उसके पास कितना भी धन हो वह आनंद का अनुभव नहीं कर सकता। आदमी स्वस्थ नहीं है तो उसे खाना अच्छा नही लगता। खा लिया तो खाना हजम नहीं होता है, खाना खा लिया तो पेट साफ नहीं होता। आदमी स्वस्थ नहीं है तो गहरी नींद नहीं आती है। आदमी की नींद पूरी न हो तो वह दिन भर गुस्सा होता रहता है यानी घर का मौहाल खराब करता है। सबसे बडी बात वह न तो घर में कोई काम ठीक से कर पाता है ौर नही दफ्तर में कोई काम ठीक से कर पाता है। यानी घर परिवार,समाज व देश की तरक्की के लिए आदमी का स्वस्थ व सुडौल रहना जरूरी है। ज्यादातर लोग इसे व्यक्तिगत समस्या मानते हैं लेकिन यह व्यक्तिगत के साथ ही राष्ट्रीय समस्या भी है। देश में बहुत कम लोग और नेता ऐसे होते हैं तो मोटापे को राष्ट्रीय समस्या मानते हैं। वह सोचते हैं कि हर आदमी को स्वस्थ व फिट रहना चाहिए क्योंकि स्वस्थ व फिट आदमी ही देश की तरक्की के लिए ज्यादा काम कर सकता है, अच्छा काम कर सकता है। पीएम मोदी ऐसे ही नेता हैं जो खुद विकसित राष्ट्र के लिए प्रतिबध्द हैं और चाहते हैं कि विकसित राष्ट्र पूरे देश के लोगों का परम लक्ष्य होता है। जब भी कोई लक्ष्य देश का लक्ष्य बन जाता है तो देश के लोगों को उस लक्ष्य को हासिल करने योग्य बनना पड़ता है। देश में बड़ी आबादी मोटे,बीमार लोगों की हो तो विकसित देश के लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। विकसित देश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तो ज्यादातर आबादी का स्वस्थ व फिट रहना जरूरी है यानी देश के लोगों को मोटापे से मुक्त होना जरूरी है। पीएम मोदी चाहते हैं कि देश के लोग अभी से मोटापे से मुक्ति के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करें और दूसरे लोगों को भी मोटापे से मुक्ति के लिए प्रेरित करें। पीएम मोदी देश के ऐसे नेता हैं जो खुद फिट हैं, सबसे ज्यादा काम करते हैं, विकसित भारत के लिए। वह चाहते हैं कि देश के लोग भी उनकी तरह फिट रहे और ज्यादा से ज्यादा काम विकसित भारत के लिए करें। पीएम मोदी की तरह दूसरे नेताओं को भी सोचना चाहिए कि कैसे फिट रहा जा सकता है और विकसित देश के लिए काम किया जा सकता है। अफसोस है कि इस देश के नेताओं में फिट रहने और दिखने की जरा भी इच्छा नहीं दिखती है। बहुत कम नेता फिट हैं लेकिन वह देश के लोगों को फिट रहने के लिए जागरूक नहीं करते हैं।हमारे देश के नेता फिट रहेंगे तो ही वह देश के लिए ज्यादा घंटे काम कर सकेंगे और उसके बाद देश के लोगों को ज्यादा घंटे काम करने के लिए कहेंगे तो अच्छा लगेगा। अभी तो ज्यादातर नेता अपना काम इतना ही समझते हैं कि कार्यक्रमों में जाकर भाषण दे दो। उनका काम हैलोगों को देश के लिए ईमानदारी से काम करने का भाषण देना। लेकिन वह न तो खुद ईमानदार है और न ही वह खुद ज्यादा काम करते हैं। इससे लोगों को नेताओं से कोई प्रेरणा नहीं मिलती है। देश में मोदी ही ऐसे नेता है जो देश हित में सोचते हैं, काम करते हैं और लोगों को काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने लोगों स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और आज देश में स्वच्छता के प्रति जो जागरूकता दिखती है, उसका सारा श्रेय पीएम मोदी को जाता है। देश के लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं तो गंदगी के कारण जो बीमारियां होती है, वह अब नहीं होती है, लोग पहले की तुलना में कम बीमार पड़ते हैं। इसी तरह बेटी पढ़ाओं के प्रति लोगोंको जागरूक किया तो आज देश में बालिकाओं को पहले से ज्यादा पढ़ाया जा रहा है, उनको बचाया जा रहा है, इससे देश में स्त्री पुरुष अनुपात पहले से बेहतर हुआ है। पीएम मोदी परीक्षा के पहले बच्चों को परीक्षा को लेकर तनाव ने लेने के लिए भी हर साल प्रेरित करते हैं, इससे बच्चे परीक्षा अच्छे से दे पाते हैं और अच्छे से पास भी होते हैं। पीएम मोदी बच्चों के साथ ही पालकों को भी प्रेरित करते हैं कि बच्चो के साथ उनको कैसा व्यवहार करना चाहिए। अब पीएम मोदी ने लोगों को मोटापे से मुक्ति पाने के लिए जागरूक किया है। उन्होंने लोगों को बताया है कि वह कैसे इसकी शुरुआत कर सकते हैं, उन्होंने लोगों से कहा है कि तेल खाना कम कर दें। यह कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है, हर आदमी तेल खाना कम करके मोटापे से मुक्ति पाने की शुरुआत कर सकता है। पीएम मोदी हर काम अकेले नहीं करते हैं, वह इसके लिए लोगों को जिम्मेदारी देते हैं और इस बार उन्होंने देश के कई लोगों को मोटापे से मुक्ति के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए चुना है।

# मुश्किल होगा उन्हें भुला पाना

**उस वक्त रायपुर का डायनामाइट कांड बेहद चर्चित हुआ था। पुलिस परेशान होकर लोगों को ढूंढ रही थी जिन्होंने डायनामाइट लगाकर जेल को उड़ाने की कोशिश की थी। क्रांतिकारियों का पता नहीं चल रहा था। लेकिन तभी श्यामाचरण दुबे नामक एक युवक उन अंग्रेजों का मुखबिर बन गया और जयनारायण पांडेय को पुलिस ने पिस्तौल और बम ले जाते हुए गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर श्यामाचरण दुबे बाद में प्रख्यात शिक्षाशास्त्री के रूप में विख्यात हो गए, लेकिन उनके माथे पर गद्दारी का कलंक तो लग ही गया था। पं. शुक्ल इस पीड़ा को कभी नहीं भूले।**




**गिरीश पंकज**

पं. श्यामाचरण शुक्ल चले गए। हमेशा-हमेशा के लिए शांत हो गया ऐसा नेता, जो अक्सर खरी-खरी बोल दिया करता था। इस बात की परवाह किए बगैर, कि लोग क्या कहेंगे ? जब कभी कोई बात गलत लगी, तो सार्वजनिक रूप से उसका प्रतिवाद कर दिया। प्रेसवालों को बुलवाया और जो जी में आया, वह कह दिया। यह और बात है कि ज्यादा बवाल होने लगा तो फौरन स्पष्टीकरण भी दे दिया कि मैंने ऐसा तो नहीं कहा था या फिर मेरे कहने का आशय यह नहीं था। पिछले तीस सालों से पत्रकारीय जीवन में मैंने श्यामाचरण जैसे नेता कम ही देखे हैं। मेरी उनसे पहली मुलाकात बिलासपुर में हुई थी। लगभग तीस साल पहले। यह बिल्कुल एकतरफा किस्म की भेंट थी। बिलासपुर में पत्रकारों का सम्मेलन आयोजित किया गया था तब मैं मनेंद्रगढ़ में बिलासपुर टाइम्स का संवाददाता हुआ करता था। उस सम्मेलन में मैने पत्रकारिता और उसकी अस्मिता पर पं. शुक्ल के विचार सुने थे तभी समझ में आ गया था कि यह आम नेता नहीं, क्योंकि इनकी पृष्ठभूमि पत्रकारिता की है। मैं इस बात को भी जानता था कि उस वक्त के लोकप्रिय दैनिक महाकोशल के पं. शुक्ल मालिक भी हैं। बात आई-गई हो गई।

कुछ सालों बाद मैं रायपुर आ गया। तब यहां अक्सर पत्रवार्ताओं में पं. शुक्ल के विचारों से रू-ब-रू होने का अवसर मिलता रहा। मैंने यह महसूस किया कि वे पूर्णकालिक नेता थे। श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष के नाते मेरी एक बार उनसे मुलाकात हुई थी। दैनिक महाकोशल की खराब आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा हुई थी। लेकिन उन्होंने अखबार को लेकर बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाई। पं. शुक्ल पिता पं. रविशंकर शुक्ल की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति में ही पूरी तरह से रम चुके थे। अखबार के लिए चाही पर उनके पास उतना समय नहीं था। श्यामाचरणजी राजनीति में सक्रिय रहे, वरना वे एक सफल पत्रकार हो सकते थे। महाकोशल उनके लिए एक सशक्त मंच था ही। पं. रविशंकर शुक्ल ने सन् 1935 में नागपुर से महाकोशल का प्रकाशन शुरू किया था। 1946 में यह अखबार रायपुर से निकलना शुरू हुआ। श्यामाचरण इसके प्रधान संपादक थे। पंः स्वराज्यप्रसाद त्रिवेदी संपादक । (यह सौभाग्य की बात हैं कि पं. त्रिवेदी हमारे बीच मौजद हैं और समय-समय पर पत्रकारों-साहित्यकारों का

मार्गदर्शन करते रहते हैं) 1 दिसंबर 1951 से महाकोशल दैनिक हो गया। पं. श्यामाचरण तब भी इसके संपादक थे लेकिन पिता पं. रविशंकर शुक्ल से मिली राजनीतिक विरासत के कारण दे राजनीति में ज्यादा सक्रिय हो गए और धीरे-धीरे महाकोशल से उनका ध्यान हटता चला गया। इसका परिणाम यह हुआ कि अपने समय का शीर्षस्थ अखबार हाशिये पर चला गया। उनका गांधीवादी चिंतन बिलकुल साफ था। मुझे याद है जब डेढ़ दशक पूर्व विधानसभा चुनाव हो रहे थे, तब आर्थिक दृष्टि से संपन्न एक व्यापारी नेता का जबर्दस्त विरोध किया था। उन्होंने साफ-साफ कहा था कि सेठों को राजनीति में आने से रोका जाना चाहिए। ये लोग सौ तरह के काले धंधे करते हैं और राजनीति में आकर सफेद चादर ओढ़ने की कोशिश करने लगते हैं। श्री शुक्ल के विरोध के कारण उस नेता को टिकट नहीं दी गई। आज जिस स्थान पर शहीद स्मारक भवन बना हुआ है, वह श्यामाचरणजी के प्रयासों का ही नतीजा है। पूरा रजबंधा मैदान शहीद स्मारक के लिए था वहां और भी अनेक प्रकल्पों की योजना थी।

शुक्लजी चाहते थे कि यह जगह शहीदों की याद को जीवंत बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। कालांतर में शहीद स्मारक भवन तो बना, पर रजबंधा मैदान की बाकी जमीन अखबार मालिकों को कोड़ियों के मोल आबंटित कर दी गई। शुक्लजी मुख्यमंत्री होते, तो ऐसा कतई संभव नहीं था। इस आबंटन को लेकर वे हमेशा नाराज रहे। वे एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार से थे। वे खुद स्वतंत्रता सेनानी भी थे। इसीलिए आजकल के नेताओं की निम्न स्तरीय हरकतों पर वे अक्सर भड़क जाया करते थे।

पं. शुक्ल को हम भूतपूर्व मुख्यमंत्री, सांसद या गांधीवादी नेता के रूप में ही याद नहीं करेंगे। हम उस नेता के रूप में भी याद करेंगे, जिसने छत्तीसगढ़ में सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया। दुधावा, सोंदूर, गंगरेल जैसी अनेक सिंचाई परियोजनाएं पं. शुक्ल की ही देन है। वे छत्तीसगढ़ में नहरों का जाल बिछा देना चाहते थे, लेकिन उनकी हसरत दिल में ही रह गई। छत्तीसगढ़ बना, तो वे हाशिये पर थे। बाद में सांसद जरूर बने, लेकिन जितना कुछ करना चाहते थे, वे नहीं कर पाए।

जो भी हो, पं. शुक्ल ने राजनीति में एक लंबी पारी खेली और अंतिम वक्त तक सक्रिय रहे। उनके जाने के साथ ही अब छत्तीसगढ़ में राजनीति की लगभग ऐसी अंतिम कड़ी टूट गई है, जिसको देखकर लगता था कि राजनीति में अभी भी सच और मूल्यों के लिए लड़ने वाले लोग मौजूद हैं। उनको निकट से जानने वाले लोग उनकी कमी हमेशा महसूस करते रहेंगे, क्योंकि वे आदमकद नेता थे और इन दिनों तो बौने और दोगले नेताओं की पूरी फौज नजर आती है। ऐसे समय में पं. शुक्ल अगर लगातार याद आते रहें, तो कोई बड़ी बात नहीं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा। विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे। आपकी कोई बड़ी डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपको किसी घर मकान की खरीदारी करने से पहले अपने पिताजी से राय लेनी होगी और आप यदि ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने अधिकारियों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। एक साथ काफी काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आप किसी से मांग कर वाहन न चलाएं। आपको अपने कामों को कल पर टालने से से बचना होगा। नौकरी में आपको मन मुताबिक काम ना मिलने से आप किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं, वहां से आपको प्रमोशन मिल सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई बेवजह जोखिम लेने से बचना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिसमें परिवार के सदस्य व्यस्त रहेंगे। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें। सामाजिक कार्यों में आपकी अच्छी छाप रहेगी। आप किसी के बहलाने फुसलाने में आकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने से बचे। आपको अपने कारोबार में क्वालिटी को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा।

कर्क- आज के दिन आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी यात्रा पर जाना बेहतर रहेगा, लेकिन वाहनों का प्रयोग सावधानी से करें। कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप जीवनसाथी की डिमांड पर किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। आपको पारिवारिक मामले घर में रहकर निपटाने होंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस उनके कामों से उनकी सराहना करेंगे, जिससे उन्हें प्रमोशन भी मिलता दिख रहा है।

सिंह- आज का दिन रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। जीवन साथी आपसे नाराज हो सकते हैं। संतान के करियर को लेकर आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। जीवनसाथी आपके लिए आप कुछ कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको अपने भाई व बहनों से बंटवारे को लेकर लड़ाई झगड़े में पडने से अच्छा है कि आप उसे वरिष्ठ सदस्यों की मदद से दूर करें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको अपने नौकरी से संबंधित किसी काम को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ना है। आपको बिजनेस में अच्छी सफलता हासिल होती दिख रही है। आपको दिल के बजाय दिमाग की सुनना बेहतर रहेगा। आप किसी पर आंख मूंदकर कर भरोसा ना करें। किसी दूसरे के मामले में बोलना आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी अपने आलस्य के चक्कर में पढ़ाई लिखाई में लापरवाही कर सकते हैं। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपके मन में कामों को लेकर उलझनें रहेंगी। लेकिन आपको उन्हे निपटाने की कोशिश करनी होगी। आप अपने घर किसी नई चीज की खरीदारी कर सकते हैं। आपको वरिष्ठ सदस्यों की जरूरत पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आप अपने व्यवसाय में कुछ नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का प्रेशर अधिक रहेगा, लेकिन आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप छुटपुट लाभ के अवसरों पर भी पूरा ध्यान दें। राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

धनु- आज आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखना होगा। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। यदि कोई लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें में दोनों पक्षों की सुनकर कोई निर्णय लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलेगी।

मकर- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके कामों में तेजी आएगी। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। अपने मित्रों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको अपने कर्जो से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। जीवनसाथी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपके खर्चे बढ़ेंगे, जो आपको परेशानी देंगे। आपका कोई धन को लेकर यदि रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सेहत में नरम रहने वाला है। आप जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचे। आपको अपने कामों को सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखना होगा। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थी यदि विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, तो उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप किसी नए बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आपकी योजनाएं पहले से फलीभूत होंगी, जो आपको खुशी देंगी। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। नौकरी में आपको मनपसंद काम ना मिलने से थोड़ी टेंशन रहेगी। किसी छोड़ी हुई नौकरी का आपको ऑफर आ सकता है। यदि आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसमें विद्यार्थियों को जीत अवश्य मिलेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

## राजनीति

# दिल्ली-राजस्थान से लेकर यूपी तक की विधान सभाओं में हंगामा

**अजय कुमार,लखनऊ**



यह अफसोसजनक है कि लोकसभा और राज्यसभा की तरह तमाम राज्यों की विधानसभाएं भी सत्ता और विपक्ष के जोर आजमाइश का अड्डा बनते जा रहे है,जिस कारण से जनहित के कई फैसलों पर निर्णय नहीं हो पाता है। हाल यह है कि राजस्थान में कांग्रेस,बीजेपी सरकार के खिलाफ इस लिये सड़क पर उतरी हुई है क्योंकि बीजेपी के एक मंत्री ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को दादी कह दिया ।इसी प्रकार दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता रेखा गुप्ता की चार दिन पुरानी सरकार को इसलिये घेर रहे हैं क्योंकि बीजेपी ने महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने वाले वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है ।वही उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता इस लिये विधान सभा नहीं चलने दे रहे हैं क्योंकि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विधान सभा में चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कह दिया था कि आपकी पार्टी के नेता कहते हैं कि लड़कों से गलती हो जाती है,उन्हें फांसी पर तो नहीं लटका दिया जायेगा। बृजेश पाठक ने किसी नेता का नाम नहीं लिया,लेकिन क्योंकि यह बात कभी सपा के पूर्व प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने एक जनसभा के महिलाओं के बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर अपने विचार रखने के दौरान कही थी। इसलिये समाजवादी आग बबूला हो गये ।विधान सभा में हंगामा खड़ा कर दिया कि नेताजी को अपमान बर्दाशत नहीं करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार समाजवादी नेताओं से पूछ रहे हैं कि बताएं नेताजी का क्या अपमान किया गया है। यदि उनकी बात सही होगी तो वह मंत्री जी से माफी मंगवायेंगे,लेकिन समाजवादियों को हंगामे के अलावा कुछ रास नहीं आ रहा है। बता दें उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 2025 चल रहा है। आज 24 फरवरी को बजट सत्र के दौरान मुलायम सिंह के नाम पर हंगामा हो गया ।दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नप्रहर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मुलायम सिंह की कही गई बात पर तंज कसते हुए कहा कि लड़के हैं गलती हो जाती है इस बात को कितने सपा सदस्य मानते हैं। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर सपा सदस्यों ने वेल में आकर धरना दिया। सपा सदस्य नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सपा सदस्यों को बार-बार चेतावनी देते रहे पर सपाइयों का हंगामा जारी रहा।

दरअसल, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बयान पर सपा सदस्यों से पूछा था कि क्या उनकी बातों पर अमल करेंगे। नारेबाजी कर सपा सदस्यों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले सपा सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। सपा विधायक सदन वेल में धरने पर बैठ गए हैं। इससे पहले शुक्रवार 21 फरवरी को प्रश्न प्रहर में सपा की सदस्य डॉ. रागिनी और माता प्रसाद के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी सपा पर खूब बरसे थे। सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका बयान आपके नेता जैसा है। समाजवादी पार्टी के सदस्यों को कि जिस तरह इनके नेता कहते हैं कि भारत विकसित देश नहीं बन सकता, वैसे ही यह भी दुर्भावनावश ऐसा कह रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सही लग रहा है कि सपाई जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश वर्ष 2029 तक वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य हर हाल में हासिल कर लेगा। इसके लिए सरकार ने सभी विभागों को दस सेक्टर में बांट कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी है। हर पंद्रह दिन में विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसकी समीक्षा करते हैं ।



## बदलाव

# शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव है महिला अध्यापिकाओं की बढ़ती संख्या

**प्रियंका सौरभ**



यूडीआईएसई+ 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय स्कूल शिक्षकों में अब 53.34 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो शिक्षा में उनकी बढ़ती भूमिका को दशार्ता है। उच्च शिक्षा में केवल 43% संकाय महिलाएं हैं, नेतृत्व की भूमिकाओं में उनका प्रतिनिधित्व और भी कम है। शैक्षणिक जगत में लैंगिक समानता अभी भी जड़ जमाये पूर्वाग्रहों, व्यावसायिक बाधाओं और संस्थागत कठिनाइयों के कारण बाधित है। भारत के शिक्षण कार्यबल में महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशिता और सामाजिक समानता में आमूलचूल परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। शिक्षणशास्त्र में लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी जाती है, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, तथा महिला शिक्षकों द्वारा महिला विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाती है। छात्रों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, महिला शिक्षक कक्षा में अधिकाधिक भागीदारी और लिंग-संवेदनशील शिक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। यूनेस्को की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं द्वारा संचालित कक्षाओं में समावेशी भागीदारी 20% अधिक होती है। सामाजिक बाधाओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करके, महिला शिक्षकों की उपस्थिति लड़कियों के शैक्षिक अवसरों को बढ़ाती है। महिला शिक्षकों की संख्या में वृद्धि के कारण बिहार की कन्या उत्थान योजना में महिलाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। लिंग भूमिकाओं, बाल विवाह और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बातचीत को सामान्य बनाकर, महिला शिक्षक समानता को बढ़ावा देती हैं। उड़ान योजना के अंतर्गत किशोरियों को महिला शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला शिक्षकों द्वारा भावनात्मक समर्थन देने की संभावना अधिक होती है, जिससे विद्यार्थियों का कल्याण बेहतर होता है।

उच्च शिक्षा संकाय पदों में महत्वपूर्ण लैंगिक असमानताएं महिला संकाय सदस्यों के कम प्रतिनिधित्व के कारण होती हैं। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, शिक्षण पदों पर पुरुषों की संख्या अधिक होने के बावजूद, उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है। आईआईटी और एनआईटी में महिला संकाय का प्रतिनिधित्व अभी भी 20% से कम है, जो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में लैंगिक असमानताओं को दशार्ता है। अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर स्तर तक सीमित है, जहां उनका प्रतिशत तेजी से गिरता है। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 25% से भी कम पूर्ण प्रोफेसर महिलाएं हैं, जो निर्णयों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। भारत के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में 10% से भी कम कुलपति महिलाएं हैं। सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं के कारण, केरल और तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, जबकि ग्रामीण और उत्तर भारतीय विश्वविद्यालयों में यह कम है। केरल के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक प्राध्यापक महिलाएं हैं, जबकि बिहार और राजस्थान में यह प्रतिशत 30% से भी कम है। नियुक्ति और पदोन्नति में अचेतन पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं के नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने की संभावना कम होती है। अकादमिक महिलाओं को प्रायः मार्गदर्शन और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क का अभाव होता है, जो शोध के अवसरों और कैरियर में उन्नति के लिए आवश्यक है। कई महिलाएं घर के कामकाज की दोहरी जिम्मेदारी के कारण अपने करियर में ब्रेक ले लेती हैं, जिसका असर उनकी उन्नति और शोध कार्य की संभावनाओं पर पड़ता है।

समान कैरियर उन्नति के अवसर सुनिश्चित करना, लिंग कोटा स्थापित करना, चयन समितियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना तथा स्पष्ट पदोन्नति मानकों को लागू करना, शैक्षणिक नियुक्ति समितियों में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता के द्वारा, जर्मनी का डीएफजी कार्यक्रम अधिक महिलाओं को उच्च शिक्षा में नामांकन के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षाविदों में महिलाओं की मेंटरशिप और नेटवर्किंग अवसरों तक पहुंच बढ़ानाः महिला संकाय सदस्यों को वरिष्ठ शिक्षाविदों के साथ जोड़ने के लिए औपचारिक मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करना, वित्तपोषण के अवसरों, अनुसंधान और नेतृत्व विकास पर सलाह देना। केंद्रित मार्गदर्शन और समर्थन नेटवर्क के मूल्य के प्रमाण के रूप में, अमेरिका का ₹विज्ञान और इंजीनियरिंग में महिलाएं₹ कार्यक्रम नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ाने में सहायक रहा है। कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देना, परिसर में बाल देखभाल सेवाएं प्रदान करना, सवेतन मातृत्व अवकाश बढ़ाना, तथा लचीले कार्यकाल पथ को लागू करना, महिला संकाय सदस्यों को मातृत्व के बाद एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार प्रदान करके उनके शोध करियर को जारी रखने में मदद करता है। महिलाओं की प्रशासनिक और शैक्षणिक दृश्यता में सुधार लाने के लिए विशिष्ट वित्तपोषण उपलब्ध कराना तथा उनके लिए नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम चलाना, भारत की ₹महिला वैज्ञानिक योजना₹ महिला शोधकताओं को करियर ब्रेक के बाद वित्त पोषण प्रदान करके शिक्षा जगत में वापस लौटने में मदद करती है। उच्च शिक्षा संकाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 43% है, जो कक्षा के बाहर उनके प्रभाव को सीमित करता है। आईआईटी और आईआईएम में महिला शिक्षकों का प्रतिशत 20% से भी कम है।

यूजीसी का जेंडर एडवांसमेंट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टीट्यूशंस (जीएटीआई) कार्यक्रम महिला संकाय सदस्यों को नेतृत्वकारी पदों पर आसीन होने के लिए प्रोत्साहित करता है। समान वेतन के दिशा-निर्देश स्थापित करें, श्रम कानूनों को अधिक सख्ती से लागू करें तथा अनुबंध शिक्षकों को नियमित करें। निजी शिक्षा में समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 का सशक्त प्रवर्तन आवश्यक है। परिसर में सुरक्षा प्रोटोकॉल, परिवहन विकल्प और शिकायत प्रक्रिया को बेहतर बनाएं। शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा उपायों की स्थापना को निर्भया फंड (2013) द्वारा वित्त पोषित किया गया है। लिंग-संतुलित शिक्षण स्टाफ प्रारंभिक शिक्षा में स्त्रीकरण को कम करेगा और देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों को सामान्य बनाएगा। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में, फिनलैंड और स्वीडन पुरुषों की भर्ती को आक्रामक रूप से प्रोत्साहित करते हैं। गुमनाम शिकायत निवारण प्रक्रियाएं स्थापित करें, सुनिश्चित करें कि आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी) कार्यरत हों, तथा सभी विश्वविद्यालयों में कठोर उत्पीड़न-विरोधी नीतियां लागू करें। यूजीसी के 2023 निर्देश के अनुसार विश्वविद्यालयों में आईसीसी आवश्यक है; हालाँकि, अभी भी कार्यान्वयन में खामियाँ हैं, विशेष रूप से छोटे और ग्रामीण संस्थानों में। शिक्षा जगत में लैंगिक अंतर को कम करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन कार्यक्रम, समावेशी नियुक्ति प्रथाएं, संस्थागत परिवर्तन और बहुआयामी रणनीति आवश्यक हैं। परिवार-अनुकूल कार्यस्थलों को बढ़ावा देना, पारदर्शी पदोन्नति की गारंटी देना, तथा भेदभाव-विरोधी कानूनों को मजबूत बनाना, उच्च शिक्षा में महिलाओं को सशक्त बनाने में सहायक हो सकता है। लिंग-संवेदनशील, योग्यता-आधारित नीतियों की ओर प्रतिमान बदलाव से प्रतिनिधित्व में सुधार होगा और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## एक नजर

### सांसद महेश कश्यप ने महादेव झारखंडी मंदिर में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की

**जगदलपुर 27, फरवरी।** आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप



जी ने सपरिवार रामपाल स्थित लिंगेश्वर बाबा , मुक्तेश्वर नाथ शिव मंदिर और महादेव झारखंडी मंदिर में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बस्तर सांसद ने महादेव से भक्ति में लीन यह महाशिवरात्रि, सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करने हेतु कामना की। भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे।

### जंगल की तरफ गए ग्रामीण पर भालू ने हमला किया

**कोरबा 27 फरवरी।** जिले के सीमावर्ती एवं मोरगा चैकी क्षेत्र के पहुंच विहीन ग्राम उचलेंगा में बुधवार को अधेड़ ग्रामीण चमरु लाल पिता दिलाराम 45 वर्ष को भालू ने बुरी तरह नोंच कर घायल कर दिया है। बताया गया कि उक्त घायल ग्रामीण जंगल की ओर गया था, तभी अचानक भालू से उसका सामना हो गया। भालू ने उस पर हमला कर चेहरे को बुरी तरह नोंच डाला। किसी तरह उसने भालू से छुटकारा पाकर जंगल से भाग कर अपनी जान बचाई। तत्पश्चात उसके परिवारजनों ने उसे तत्काल इलाज हेतु पोड़ी उपरोड़ा के लिए रवाना किया। वन विभाग अरसिया के वनपाल ने घायल के परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई है।

### इम्पैनल अस्पतालों की सूची में जोड़े गए 10 नए अस्पताल

**कोरबा 27 फरवरी।** कोल इंडिया लिमिटेड के इम्पैनल अस्पतालों की संख्या में बढ़ोतरी की गयी हैं। फरवरी 2025 में 10 नए अस्पताल सूचीबद्ध किये गए हैं। इसके साथ ही इम्पैनल अस्पताल की संख्या अब 434 हो गई है। 10 जो नए अस्पताल जोड़े गए हैं, इनमें सर्वाधिक चार छत्तीसगढ़ में है। 20 फरवरी को कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने नारायण समूह के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। इस समझौते के तहत नारायण हेल्थ लिमिटेड ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स के माध्यम से बैंगलोर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफकार्डियक साइंसेज हृदय संबंधी उपचार का लाभ मिलेगा तथा जटिल सर्जरी भी हो सकेगी। इम्पैनल अस्पतालों में सेवानिवृत्त अधिकारियों और गैर-अधिकारियों तथा उनके जीवनसाथी, सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों के मौजूदा कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को उपचार का लाभ मिलता है।

### भारती एयरटेल और एप्पल ने की रणनीतिक साझेदारी

**रायपुर, 27 फरवरी।** भारती एयरटेल और एप्पल ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल ग्राहकों को एप्पल टीवी+ और एप्पल म्यूजिक की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ?999 से शुरू होने वाले सभी होम वाई-फाई प्लान्स के ग्राहकों को एप्पल टीवी+ के बेहतरीन कॉन्टेन्ट का एक्सेस मिलेगा, जिसे वे चलते-फिरते भी मल्टीपल डिवाइसेस पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ?999 या उससे अधिक के पोस्टपेड प्लान वाले ग्राहकों को एप्पल टीवी+ की सुविधा मिलेगी और वे 6 महीने तक फ्री एप्पल म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का विशाल संग्रह उपलब्ध होगा। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एयरटेल ग्राहक अब विशेष रूप से एप्पल टीवी+ के प्रीमियम और आकर्षक ड्रामा, कॉमेडी सीरीज़, फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्रीज़, बच्चों और परिवार के लिए मनोरंजक कॉन्टेन्ट का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही, एप्पल म्यूजिक की अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषाओं में मौजूद अद्वितीय म्यूजिक लाइब्रेरी, एक शानदार ऑडियो अनुभव प्रदान करेगी।

### 15 साल की काली कमाई से भाजपा ने बनाया अपना कार्यालय : दीपक बैज

**रायपुर, 27 फरवरी।** सुकमा और कोंटा के राजीव भवन निर्माण को लेकर ईडी के समन पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं का पारा चढ़ा हुआ है. पीसीसी चीफदीपक बैज ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उल्टे भाजपा पर 15 साल की काली कमाई से कार्यालय के निर्माण का आरोप मढ़ा है. छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में ईडी से 200 करोड़ की लागत से बने बीजेपी कार्यालय का हिसाब लेने की कही बात है. उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है. उन्होंने सेंट्रल एजेंसी पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया.बैज ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कार्यकर्ताओं के सहयोग और छेर-छेरा पुन्नी के दान से कांग्रेस भवन बना था. हमारे पास पाई-पाई का हिसाब है, उसकी जानकारी देंगे. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्या 5 स्टार होटल की तरह बने बीजेपी मुख्यालय के लिए ईडी बीजेपी से पूछताछ करेगी.

### तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक की मौत

**रायपुर, 27 फरवरी।** ग्राम कुर्रा पारख पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में गोबरा नवापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर-एसपी को दिए तैयारी के निर्देश

# बस्तर की जनजातीय कला-संस्कृति को पुनर्जीवित करने होगा बस्तर पंडुम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 27 फरवरी।** प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर की विशिष्ट जनजातीय कला एवं संस्कृति को पुनर्जीवित करने तथा समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से आगामी मार्च में बस्तर पंडुम उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने मंगलवार शाम को वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बस्तर के कमिश्नर-आईजी सहित सातों जिले के कलेक्टर एवं एसपी को आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति एवं आदिम जाति विकास विभाग श्री सोनमणि बोरा, सचिव संस्कृति विभाग श्री अनबलगन पी सहित राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में सचिव संस्कृति श्री अनबलगन पी ने बताया कि बस्तर के जनजातीय समुदाय के लोगों विशेषकर युवाओं के मध्य समरसता और एकता स्थापित करने की इस अनूठी पहल से बस्तर की जनता में विश्वास,शान्ति और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

बस्तर पंडुम का आयोजन ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर पर किया जाएगा। जिसमें जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य सहित जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय कला एवं गोदना का प्रदर्शन तथा जनजातीय व्यंजन एवं पेय पदार्थों का प्रदर्शन विधाओं को शामिल किया गया है। साथ ही केवल संभाग स्तर आयोजन में जनजातीय रीति-रिवाज एवं तीज-त्यौहार पर आधारित प्रदर्शनी को समाहित किया गया है। ब्लॉक स्तर के बस्तर पंडुम में सभी कलाकारों एवं प्रतिभागियों को ओपन एंट्री दी जाएगी। इसके बाद चयनित दल एवं प्रतिभागी जिला स्तर और जिला स्तर से चयनित दल एवं प्रतिभागी संभाग स्तर के बस्तर पंडुम में अपनी सहभागिता निभाएंगे। बस्तर पंडुम के प्रत्येक स्तर को बस्तर में उत्सव की तरह मनाया जायेगा जिसमें समाज प्रमुखों, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जायेगा। इसी तरह जिला एवं संभाग स्तर पर बड़े स्तर के कलाकारों को आमंत्रित कर कार्यक्रम प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही मेहमान कलाकारों के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के दलों को आमंत्रित किया जाएगा। बस्तर पंडुम के प्रत्येक स्तर पर विजेता दलों एवं प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। वीसी में जिले के अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार वीसी में शामिल हुए।

### पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप-2025

## सुखदेव ने 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का किया नाम रोशन

■ महासमुंद के तीन खिलाड़ियों का पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**रायपुर , 27 फरवरी।** दुबई में 6 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ग्रांट फिक्स 2025 में महासमुंद जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन हायर सेकेंडरी स्कूल, करमापटपर बागबाहरा खुर्द के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। सुखदेव केवट ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया। इससे पहले, 23वें नेशनल पैरा एथलेटिक्स 2025, चेन्नई (17-20 फरवरी) में उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल और 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर भी अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके है। इस प्रतियोगिता में महासमुंद के दो अन्य खिलाड़ियों ने भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराईनिखिल यादव ने 1500 मीटर दौड़ में 7वाँ स्थान और 500 मीटर दौड़ में 6वाँ स्थान प्राप्त किया जबकि लक्की यादव (टी-11 कैटेगरी, बालक वर्ग) ने 1500 मीटर दौड़ में 8वाँ स्थान और 400 मीटर दौड़ में 6वाँ स्थान हासिल किया। महासमुंद जिले के इन होनहार खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी सफलता से प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

सुखदेव केंवट और उनके साथियों की इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। महासमुंद जिले के इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंहगें, जिला सीईओ श्री एस. आलोक और उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री निरंजन साहू, प्राचार्य रश्मि साहू और वार्डन लक्ष्मीप्रिया साहू भी उपस्थित थे।

## एनआईटी रायपुर में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रायपुर, 27 फरवरी।** सहयोग द स्टूडेंट वेल-बीइंग क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर को एनआईटी रायपुर में अभूतपूर्व सफलता मिली। इस पुनीत कार्य में छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह आयोजन अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक बन गया।

इस आयोजन के तहत एम्स रायपुर और मानव सेवा ब्लड बैंक को रक्तदान किया गया, जिससे अनगिनत जरूरतमंदों को जीवनदान मिलेगा। कुल 200 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया, जो समाज के प्रति युवाओं की संवेदनशीलता और सेवा भावना को दर्शाता है। इसके अलावा, शिविर में नेत्र जांच, दंत चिकित्सा परीक्षण और होम्योपैथी परामर्श जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे सभी उपस्थित लोगों को समग्र स्वास्थ्य देखभाल का लाभ मिला।

हमें एनआईटी रायपुर के निदेशक, डॉ. एन. वी. रामना राव, और डॉ. नितिन जैन, डीन (छात्र कल्याण) की गरिमामयी उपस्थिति का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके प्रेरणादायी शब्दों और सहयोग ने प्रतिभागियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। विशेष आभार हमारे सम्मानित संकाय मार्गदर्शकों, डॉ. ए. के. दाश, डॉ. मधु कृष्ण प्रियार्दर्शिनी और डॉ. सौम्या अग्रवाल का, जिनकी अमूल्य प्रेरणा और समर्पण से यह आयोजन भव्य सफलता की ओर अग्रसर हुआ।

इस पहल की सफल आयोजन में अरुष्ट मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, जिससे समाज कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भी सशक्त हुई।

## डॉ संजना खेमका ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

■ महिलाओं को किया गया जागरूक



**रायपुर, 27 फरवरी।** नारायणा हॉस्पिटल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. संजना खेमका द्वारा रविवार को 'सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस कैंप' का आयोजन खमतराई के सामुदायिक भवन में किया गया. इसमें खमतराई क्षेत्र की लगभग 60 से 70 महिलाओं एवं युवतियों को सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया.

डॉ. संजना खेमका ने बताया किमहिलाओं को 40 साल की उम्र के बाद सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है, इससे बचने या इसे प्रारंभिक स्तर में ही डायग्नोज करने के लिए नियमित तौर पर सीबीसी, थायराइड एवं प्रोलैक्टिन टेस्ट करना चाहिए और कैंसर की स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए पेप-स्मीयर टेस्ट कराना जरुरी होता है ,जिसमें योनि से जो सफेद पानी का स्त्राव होता है, उसी सफेद पानी से कैंसर की स्क्रीन टेस्ट की जाती है, साथ ही चेस्ट की भी नियमित तौर पर सोनोग्राफी कराना अति आवश्यक होता है, 18 वर्ष से कम उम्र की युवतियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन के बारे में उन्होंने बताया कि, इस वैक्सीन की तीन डोज लगाने से सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है.

इस कैंप में इस क्षेत्र की चमेली साहू, सुभद्रा साहू, दामिनी तेली, सरस्वती देवांगन, मीना साहू, छलिया सिन्हा, निर्मला साहू मल्लिका एवं योगेश डॉ योगेश्वरी कुर्रे का सहयोग सराहनीय रहा.

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 27 फरवरी।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेमरिया विधानसभा निवासी प्रार्थी महावीर साहू 37 वर्ष ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीवी 0672 को द एलिमेंट बाय वर्धमान सोसायटी कचना के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने उसे पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में पार्थिव नगर टाटीबंध निवासी सिल्पी उरमालिया 30 वर्ष ने सरस्वतीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीजे 7274 को साइंस कालेज ऑडिटोरियम के गेट के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

## मलकीत सिंह गेंदू ने ईडी को सौंपा 30 पन्नों का जवाब

**रायपुर, 27 फरवरी।** सुकमा और कोंटा में बने राजीव भवन निर्माण मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच जारी है। इसी सिलसिले में मलकीत सिंह गेंदू ईडी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ईडी द्वारा पूछे गए चार सवालों के जवाब में 30 पन्नों का जवाब सौंपा। ईडी ने 25 फरवरी को राजीव भवन पहुंचकर मलकीत सिंह गेंदू को समन जारी किया था। ईडी ने उनसे निर्माण कार्यों और संबंधित वित्तीय लेन-देन को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था।

## नारायणी - चरामेति ने वृद्धजनों के साथ मनाई महाशिवरात्रि



**रायपुर, 27 फरवरी।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन ने सुंदर नगर स्थित प्रशामक देख - रेख गृह वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ महाशिवरात्रि का महापर्व मनाया। संस्थान के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर वृद्धाश्रम को वहां रहने वाले सभी वृद्धजनों के लिए मच्छरदानी भी दी गई। आश्रय लायंस वृद्धाश्रम से आये प्रतिनिधि निरंजन जी एवं रामकृष्ण शर्मा जी को बेडशीट एवं पिलो कवर प्रदान किए गए। हृषीक ओझा ने विवाह की वर्षगांठ होने पर फल वितरित किए। यह कार्यक्रम घनश्याम सराठे, कमलेश शर्मा, आइ एस बी वी श्रीनिवास राव, राजेंद्र जैन, संभव जैन, डॉ. मृणालिका ओझा, मुकेश भाई शाह, रोशन बहादुर, भीम, नितिन जैन आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

# ईडी की दबिश के बाद कांग्रेस में खलबली, देर रात नेता प्रतिपक्ष के घर पहुंचे बैज, नेताओं की हुई सीक्रेट मीटिंग



**रायपुर , 27 फरवरी।** ईडी की टीम ने रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय (राजीव भवन) में दबिश दी. इसके बाद कांग्रेस नेताओं में खलबली मच गई. वहीं ईडी के समन के बाद रायपुर में देर रात नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बंगले में कांग्रेस नेताओं की एक सीक्रेट मीटिंग हुई. दीपक बैज भी मौजूद रहे.

**देर रात नेता प्रतिपक्ष के घर पहुंचे बैज**-ईडी के समान के बाद रायपुर में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बंगले में कांग्रेस नेताओं की एक सीक्रेट मीटिंग हुई. इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सीनियर एडवोकेट फैजल रिजवी, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, शिव डहरिया, उमेश पटेल, धनेन्द्र साहू, विकास उपाध्याय और संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैदू शामिल हुए.

**हमारे पास एक एक रूपए का हिसाब है: दीपक बैज**-वहीं इस सीक्रेट मीटिंग को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आगामी रणनीतियों को लेकर सीनियर नेताओ से चर्चा हुई है. हमारे पास एक एक रूपए का हिसाब है, हालांकि और समय के लिए श्रेष्ठ को लिखे है.

**5 स्टार होटल की तरह बना भाजपा प्रदेश कार्यालय**-दीपक बैज में ईडी से सवाल करते बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी का प्रदेश कार्यालय 5 स्टार होटल की तरह बना है. 200-300 करोड़ की लागत बीजेपी का लक्ज़री प्रदेश कार्यालय बना है. 15 साल की काली कमाई से प्रदेश बीजेपी कार्यालय बना. क्या ईडी इसका भी जवाब माँगेगी, क्या ईडी इसके लिए बीजेपी से पूछताछ करेगी?

**रायपुर के कांग्रेस भवन में ईडी की रेड**-मंगलवार को ईडी के दो अधिकारी रायपुर कांग्रेस भवन पहुंचे. यहां अधिकारियों ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से पूछताछ की. कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने बताया कि सुकमा-कोंटा कांग्रेस भवन निर्माण को लेकर ईडी की टीम ने समन सौंपा है. टीम ने सुकमा-कोंटा कांग्रेस भवन निर्माण संबंधी दस्तावेजों की मांग करते हुए समन सौंपा है. 27 फरवरी को दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा.

**शराब घोटाले से है कनेक्शन!**-आरोप है कि शराब घोटाले के पैसों से सुकमा-कोंटा में कांग्रेस कार्यलाय राजीव भवन का निर्माण किया गया है.

## समाचार संक्षेप

### गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी में समाज कल्याण कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा 27 फरवरी।** एन टी पी सी कोरबा की मैत्री महिला समिति द्वारा गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी में एक समाज कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सामग्री प्रदान करना था. कार्यक्रम की शुरुआत गौमुखी सेवा आश्रम, देवपहरी के प्राचार्य द्वारा मैत्री महिला समिति, एनटीपीसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के अधिकारियों के स्वागत से हुई.तत्पश्चात, मैत्री महिला समिति की समाज कल्याण शाखा के माध्यम से एनटीपीसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आश्रम के सभी छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया.इसके बाद, सभी छात्र-छात्राओं को जूते, मोजे एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सामग्रियाँ वितरित की गईं। यह कार्यक्रम मैत्री महिला समिति द्वारा सामाजिक उत्थान एवं कल्याण की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम था.समिति द्वारा इस प्रकार के आयोजन न केवल जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करते हैं बल्कि समाज में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### म्यूजिकल फाउंटेन का सामान चोर ले गए, शारदा विहार पार्क हुआ बदहाल

**कोरबा 27 फरवरी।** शारदा विहार वोलोनी में शिव मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक पर्क की स्थिति बदहाल है। म्यूज़िकल फाउन्टेन बेकाम है तो मनोरंजन के सामान गायब। नगर पालिका निगम की ओर से पिछले वर्षो में शारदा विहार रेजिडेंशियल कॉलोनी के अंतर्गत इस उद्यान का निर्माण कराया गया था। 30 लाख रुपए की राशि इस काम पर खर्च की गई थी और कई प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराए गए थे ताकि जनता को फायदा हो। पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन के साथ बच्चों और अन्य लोगों की मनोरंजन के लिए झूले समेत कई संसाधन की व्यवस्था की गई। गुणवत्ता की कमी से बहुत सारे सामान काफी जल्द खराब हो गई जबकि दूसरे सामानों को चोरों ने पर कर दिया। दूसरी बार पार्क को पानी उपलब्ध कराने के लिए बोरवेल का केबल चोरों की भेंट करने के कारण इसकी उपयोगिता साबित नहीं हो सकती। वर्तमान में पार्क में हर तरफबदहाली नजर आ रही है और ऐसे में लोगों को कुछ घंटे बिताने के लिए एक जो विकल्प दिया गया था शून्य साबित हो रहा है। लोगों की वजह से म्युनिसिपल कॉरपोरेशन से मांग की जा रही है कि शारदा विहार के पार्क को बेहतर करने के लिए आवश्यक कोशिश की जाए। लोगों का कहना है कि नगर निगम के संपन्न हुए चुनाव में ऐसे कई मामले प्रभावी रहे और इस वजह से पूर्व पार्षद की आफत हुई।

### महाविद्यालयों की मुख्य परीक्षा समय सारिणी हुई जारी

**कोरबा 27 फरवरी।** महाविद्यालयो में शिक्षा सत्र 2024-25 की मुख्य परीक्षाओं की समय सारिणी (टाइम टेबल) घोषित कर दिए गए हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों में 20 मार्च को हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में पहला पर्चा भरा जाएगा। इन परीक्षाओं में स्नातक प्रथम वर्ष के पूरक अंतिम अवसर एवं स्नातक 2, अंतिम वर्ष के नियमित, स्वाध्याई, पूर्व और पूरक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। पहली पाली में सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक पर्चा भरा जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली मुख्य परीक्षा सत्र 2024-25 के विभिन्न पाठ्यक्रमों की अंतिम (स्थायी) समय-सारणी जारी हो चुकी है। संबंधित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अटल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी नोटिफिकेशन के माध्यम से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं परीक्षार्थियों को भी सूचित किया गया है, कि समय सारणी का ध्यान पूर्वक अवलोकन कर अपने विषय-संकाय एवं कक्षा के परीक्षा कार्यक्रम की तिथि और समय नोट कर सकते हैं।

### महापौर के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम सहित प्रदेश अध्यक्ष

**जगदलपुर, 27 फरवरी।** नगर निगम के महापौर संजय पांडे के साथ पार्षदगण शनिवार को दंतेश्वरी मंदिर के सामने सुबह 10.30 बजे पद व



गोपनीयता की शपथ लेंगे।आज सुबह कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने महापौर संजय सहित निगम आयुक्त निर्भय साहू अपने टीम के साथ पहुंचे थे। शनिवार को शपथ ग्रहण मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जबकि प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, निवर्तमान महापौर सफिरा साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद्र भंजदेव, पूर्व विधायक संतोष बाफना, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सभी समाज प्रमुख, अधिकारीगण, भारतीय जनता पार्टी के के नेता, कार्यकर्ता सभी मीडिया के साथी मौजूद रहेंगे। नगर निगम चुनाव में इस बार भाजपा ने 30 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस को 16 और निर्दलीय को 2 सीटें मिली है। यह शपथ ग्रहण समारोह नगर निगम के इतिहास में एक नई दिशा की शुरुआत करने वाला होगा। जहां शहर के विकास व नागरिकों के लिए बेहतर योजनाओं पर ध्यान दिया जाएगा। राजनीति से जुड़ी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शहर विकास को लेकर कई अहम बातें व घोषणाएं हो सकती है।

### निकाय चुनाव में करारी हार, कांग्रेस 28 को करेगी समीक्षा बैठक

**रायपुर, 27 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की समीक्षा के लिए 28 फरवरी को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ कांग्रेस के प्रभारी सचिव जारिता लैतफ्लांग, संपत कुमार और सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी मौजूद रहेंगे। बैठक में नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार और पंचायत चुनाव में जीत के दावों को लेकर गहन चर्चा की जाएगी। इस बीच, पीसीसी अध्यक्ष को हटाने की चर्चाओं के चलते यह बैठक और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

निकाय चुनावों में हार के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। हार के पीछे टिकट वितरण में गड़बड़ी और पार्टी में बढ़ती गुटबाजी को अहम कारण माना जा रहा है। इस बैठक में इन सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और संगठन को मजबूती प्रदान करने के उपायों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, हाल ही में राजीव भवन में ईडी की टीम के पहुंचने और सुकमा एवं कोंटा में निर्मित कांग्रेस भवन को लेकर जारी किए गए समन को संगठन ने गंभीरता से लिया है।

बैठक में इस मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की जा सकती है। इस बैठक के नतीजे कांग्रेस के प्रदेश संगठन की दिशा और आगामी रणनीतियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

### भिलाई इस्पात संयंत्र सीएसआर विभाग के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता

# यूनाइटेड क्लब केरला व रब्बानी क्लब नागपुर के बीच बराबरी पर छूटा मैच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा, 27 फरवरी।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व लौह अयस्क खदान समूह राजहरा भिलाई इस्पात संयंत्र (सीएसआर) विभाग के तत्वाधान में आयोजित ऑल इंडिया गोल्ड का फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के सातवें दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में एक मात्र लीग मैच खेले गए जहां यूनाइटेड फुटबॉल क्लब केरला वर्सेस रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर के मध्य मैच 0-0 की बराबरी पर रहा।

निर्धारित समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर सका। अपने (पूल ए) में केरला की टीम बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया एंव नागपुर की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई। इसके पूर्व राजहरा माइंस एवं दल्ली माइंस के खदान कर्मचारियों के द्वारा एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें दोनों ही टीम ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित समय तक 0-0 की बराबरी पर है यह मैच मात्र 30 मिनट के लिए खेला गया जो की एक शो मैच के रूप मे खिलाड़ियों एंव दर्शको के उत्साहवर्धन हेतु आयोजित किया गया।

इस टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच 27 फरवरी दिन गुरुवार को खेला जाएगा जिसमें पहला मैच सेंट्रल एक्साइज चेन्नई वर्सेस इंडियन यूनियन बैंक मुंबई के बीच खेला जाएगा एवं दूसरा सेमीफाइनल मैच राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब वर्सेस यूनाइटेड फुटबॉल क्लब केरला के मध्य खेला जाएगा ऑल इंडिया गोल्ड कफ फुटबॉल टूर्नामेंट में राजहरा माइंस की टीम सेमीफाइनल में पहुंचे प्रवेश करने से स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह एवं उमंग का वातावरण बना हुआ है यह उम्मीद की जा रही है कि सैमीफाइनल में राजहरा माइंस अपने बेहतर प्रदर्शन के आधार पर फाइनल तक पहुंच सकेगी। 26 फरवरी दिन बुधवार को राजहरा माइंस फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए एकमात्र लीग मैच में मध्यांतर तक रब्बानी क्लब नागपुर एवं यूनाइटेड केरला की टीम 0-0की बराबरी पर रहे दोनों ही टीमों के खिलाड़ी ने एक दूसरे पर जोरदार हमला किया और गोल करने का भरपूर प्रयास किया लेकिन गोल करने में दोनों टीम असफल रहे मध्यांतर के पश्चात पुनः मैच प्रारंभ हुआ इस दौरान नागपुर एवं केरल की टीम एक दूसरे पर दबाव बनाते हुए गोल करने के कई अवसर बनाये हालांकि दोनों ही तरफ से प्रयास बहुत बढ़िया किया गया था लेकिन कोई भी खिलाड़ी दोनों ही टीमों की ओर गोल करने में सफल नहीं रहे इस तरह आज खेले गए एक मात्र लीग मैच नागपुर एवं केरला के बराबरी पर रहा। आज राजहरा फुटबॉल स्टेडियम में मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मनोज डहरवाल इंचार्ज बीएसपी हॉस्पिटल, विशेष अतिथि के रूप में प्रभारी शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा डॉक्टर शैवाल जाना, जी.एम.मेंटेनेंस एवं आरक्षण विभाग राजहरा माइंस एनके साहू उपस्थित थे, उपस्थित अतिथियों का राजहरा फुटबॉल क्लब की ओर से अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा, संगठन सचिव गौतम बेरा, सचिव त्रिनाथ नायडू, वरिष्ठ सदस्य अमरिक सिंह, उपाध्यक्ष मुकुल वर्मा, ने पुष्प गुच्छ भेटकर हार्दिक स्वागत सत्कार किया इस दौरान शैलैष जैन, बृजलाल महतो, देवराज यादव, विष्णु प्रताप सिंह, श्रीनिवास राव, प्रीतपाल सिंह, अजय आस्टीकर, के ए.उदय कुमार वरिष्ठ गोल कीपर, सतीश जॉन, विल्सन फर्नांडीस, द्रोण कुमार, अवध राम, इरशाद, रघुरमन, विनय सिंह, शिवम नायक, नितेश नामदेव, रवि निर्मलकर, रवि जैन, गज्जू निर्मलकर, टेमसन यादव, लोकेश निषाद, सहित बड़ी संख्या में दर्शन गण उपस्थित थे मैच में श्याम पैकरा, सी. प्रफुल्ल कुमार भरत राजवाड़े, रूपेश कुमार सिंह, विशाल प्रजापति, अजीत वैलम, दीपेश डे, एवं मैच कमिश्नर रूबी डेबिड रहे पूरे मैच में कमेंट्री एवं संचालन भूषण निर्मलकर एवं डिंकू भाई ने किया।

## समाचार संक्षेप

### चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कलेक्टर ने जनता का जताया आभार

**बालोद, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालोद जिले में नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से नगरीय निकायों के आम निर्वाचन और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर्स सहित मतदान कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी सभी ने टीम भावना से जवाबदारीपूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान कराने में भी सहयोग दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कलेक्टर चन्द्रवाल ने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य पूरा किया।



### लवन पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत 4 स्थायी वारंट किया तामील

**बलौदाबाजार, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना लवन पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की लगातार खोजबीन जारी है तथा इनके छुपने के संभावित ठिकानों पर पुलिस द्वारा लगातार दबिश भी दी जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 25.02.2025 को थाना लवन से सउनि गांधी राम बंजारे, प्रधान आरक्षक नान्हू नवरंगे आर. भूपेंद्र गुप्ता, रूपेश साहू, राममोहन राय, भुनेश्वर कोसले की पुलिस टीम द्वारा 04 स्थाई वारंट तामील किया गया है। सभी स्थाई वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। स्थाई वारंटियों के नाम दुलेश ध्रुव उम्र 35 साल निवासी ग्राम गिंदोला थाना लवन, तुलसी बंजारे उम्र 20 साल निवासी ग्राम घुलघुल थाना लवन, राजेश कुमार कुर्रे निवासी ग्राम जुड़ा थाना लवन, पुनीत राम बंजारे उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम सुढेली है।

### कार्यालय में झूठा प्रमाणपत्र किया पेश, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर, 27 फरवरी।** हर घर जल जीवन मिशन के तहत निविदा के लिए झूठा प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरी मंगल सिंह 55 वर्ष रावतपुरा फेस 2 भाठागांव का रहने वाला है। प्रार्थी नीर भवन सिविल लाइन में कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विजय वी.सालेखु ने हर घर जल जीवन मिशन के तहत निविदा के लिए झूठा एवं फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुर्लिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर, 27 फरवरी।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुरा निवासी 21 वर्षीय प्रार्थिया ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी अभिषेक मिश्रा ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**कवर्धा, 27 फरवरी।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाई.डी. साहु के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में आज जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में सहायक संचालक श्री एम.के. गुप्ता, श्री यू.आर. चन्द्राकर, श्री डी.जी. पात्रा एवं एम.आई.एस. प्रशासक श्री सतीश कुमार यदु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाई.डी. साहु ने 1 मार्च से आरंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं सेजेस कचहरीपारा, कवर्धा के प्राचार्य श्री आर.एस. धुर्वे ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के संचालन और मूल्यांकन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, ठंडे पेयजल की उपलब्धता, हवादार एवं प्रकाशयुक्त परीक्षा कक्ष, बोर्ड द्वारा निर्धारित पंजियों, प्रपत्रों और निर्देशों के समयानुसार समुचित क्रियान्वयन के संबंध में विशेष जोर दिया।

## एक नजर

### शांति से चुनाव होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया सभी का आभार व्यक्त

**बलौदाबाजार 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन संपन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों, प्रत्याशियों, प्रबुद्धजन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने सभी मतदान दलों एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस के जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी के साझा प्रयासों और सहयोग से ही जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य सभी वर्गों के मतदाताओं की सराहनीय सहभागिता रही।

### राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 13 मार्च तक

**बालोद, 27 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 27 फरवरी से 13 मार्च तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि समाचार-प्रत्र, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मिडिया एवं अन्य के माध्यम से लोगों में जन जागरूकता के लिए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पीछे मितानिन भवन में किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के सभी मीडिया प्रतिनिधियों को इस कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 27 फरवरी।** सेक्टर 8 सड्डू स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 5 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया डॉ.निकिता मिंज 30 वर्ष सेक्टर 8 सड्डू विधानसभा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 5 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 93 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कॉल मर्ज साइबर स्कैम ठगी का नया तरीका, जनता से सावधान रहने की अपील

# साइबर फ्रॉड : ओटीपी बाई कॉल से ओटीपी जनरेट कर की जा रही ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 27 फरवरी।** बालोद पुलिस द्वारा साइबर ठगी के नए तरीके से सावधान रहने जनता से की अपील की है। साइबर ठगी का एक नया तरीका है यूपीआई ने इस घोटाले का शिकार होने से बचने के लिए सुरक्षा सुझाव जारी किए है, इसमें ठग आम जन को कॉल मर्ज करने के लिए कहते है और अनजाने में उनके वन-टाइम पासवर्ड (OTP) साझा करने के लिए दुष्प्रेरित करते है, इससे ठग ट्रांजेक्शन को पूरा करके पैसे चुरा लेते है।

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने अपने एक्स अकाउंट पर उपयोगकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा, साइबर ठग आपको ओटीपी बताने के लिए कॉल मर्जिंग का उपयोग कर रहे हैं। इसके झांसे में न आएं! सतर्क रहें और अपने पैसे की सुरक्षा करें।




#### कैसे करते है ठगी

OTP आपके पास दो तरीके से आ सकता है एक एसएमएस के द्वारा दूसरा कॉल के माध्यम से जिसे ओटीपी बाय काल कहते है, ऐसे काल को यदि आप रिसीव करते हो तो ओटीपी शेयर करते हो!

एक अनजान व्यक्ति के कॉल से घटना की शुरुआत होती है जो कहता है कि उसे आपके दोस्त से आपका फ़ोन नंबर मिला है। फिर ठग बताता है कि दोस्त किसी दूसरे नंबर से कॉल कर रहा है और आपसे कॉल को मर्ज करने के लिए कहता है। जो को ओटीपी काल होता है, एक बार कॉल मर्ज हो जाने के बाद, उपयोगकर्ता अनजाने में ओटीपी बता देता है। जैसे ही ओटीपी दिया जाता है, धोखेबाज़ लेन-देन पूरा कर लेते हैं और पीड़ित के खाते से का पैसा गायब हो जाता है।

#### क्या करे-क्या नही करें

कभी भी अज्ञात नंबरों के साथ कॉल मर्ज न करें, कॉल मर्ज करने के लिए कहे जाने पर हमेशा सतर्क रहें, विशेष रूप से अपरिचित स्रोतों से कॉल करने वाले की की पहचान कर लेवें, यदि कोई व्यक्ति आपके बैंक या किसी पहचान के व्यक्ति से जुड़े होने की बात कहता है, तो कोई भी कार्रवाई करने से पहले उसकी पहचान सत्यापित कर लेवें, यदि आपको काल के माध्यम से किसी ऐसे लेनदेन के लिए ओटीपी प्राप्त होता है, जिसे आपने शुरू नहीं किया है, तो तुरंत 1930 पर इसकी सूचना दें। www. cyber-crime.gov.in पर रिपोर्ट करें।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

■ कुल 82 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर की गई 27,500 समन शुल्क की वसूली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 27 फरवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 25.02.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं बिना नंबर के वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 19 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5700 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 06 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3000 समन शुल्क वसूल किया गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 30 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 9000 समन शुल्क वसूल एवं बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 06 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 1800 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 25.02.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल वाहन चालकों के विरुद्ध 82 कार्रवाई कर 27, 500 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो बाइक पार

**रायपुर, 27 फरवरी।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनकर पारा भाठागांव निवासी प्रार्थी नोहर निषाद 49 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपने घर के बाहर बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 2688 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने उसे पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में साहूपारा चंगोराभाठा निवासी मनोज मिश्रा 38 वर्ष सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएल 7529 को सिंघानिया बिल्डर्स कॉम्पलेक्स गीतानगर के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

**विज्ञापन**

**विषयः- सीमांकन बाबत्।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. क्यू दिनांक 07/03/2025 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17 भूमि स्वामी श्री/श्रीमती कांती बाई पिता/पति हेमशंकर निवासी दुर्ग द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 291/3 रकबा 0.0150 जिसकी सीमा उत्तर में रास्ता दक्षिण में दुर्गा देवी पूर्व में साहू का मकान तथा पश्चिम में नाला है। का सीमांकन ......को पूर्वान्ह/अपरान्ह.....बजे किया जावेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्ज के वैध दस्तावेज,नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जारी दिनांक 27/02/2025**

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-सिकोला**

### महाश्वेता शिशु मंदिर में धूमधाम से रंगारंग वार्षिकोत्सव मनाया गया

# स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य व नाटक की मोहक प्रस्तुति दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 27 फरवरी।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला के द्वारा मंगलवार को नया बाजार चौक में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा केजी-1 से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा रंग-बिरंगे व आकर्षक वेशभूषा पहन कर छत्तीसगढ़ी तथा पारंपरिक गीतों पर नृत्य व प्रहसन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य बनिता प्रमोद सिन्हा, विशेष अतिथि सरपंच चेतन देवांगन, अध्यक्षता-नोडल प्राचार्य श्रवण कुमार साहू, संकुल समन्वयक पंच राम ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू, संरक्षक कृष्णदयाल साहू, संरक्षक सोनऊ राम देवांगन, बलराम साहू, गोपीकृष्ण साहू, हरिचरण साहू, खिलावन सेन, बिसेषर निषाद, कन्हैया लाल साहू, द्वारिका प्रधान, सुदामा राम साहू, दयालु राम साहू, साधू राम ध्रुव, सोहन साहू सहित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकगण व ग्राम पंचायत सुपेला के नवनिर्वाचित पंचगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्री बनिता प्रमोद सिन्हा ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रतिभाओं को उभारने की जरूरत है।बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक व अध्यात्मिक विकास पर भी जोर देने की बात कही।

इस अवसर पर प्रधानपाठक श्री हितेंद्र कुमार साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के अन्दर में छुपी हुई कला बाहर आती है। ऐसे मंच मिलने से बच्चे अपनी कला को निखार पाते है। स्कूल के अलावा पालक अपने घरों में भी बच्चों को नये-नये चीजे सीखने व सीखाने का माहौल दे। विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव मे छोटे-छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति देखकर पालक भी उत्साहित हुए। स्कूली बच्चों ने पारिवारिक परिस्थितियों, बाइक व मोबाइल की दुरुपयोग, अशिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रमुख समस्याओं व मुद्दो पर भी प्रहसन किया। इनके साथ-साथ स्कूली बच्चों का बारहमासी गीत, डांडिया गीत, बस्तरिहा गीत, रक्त चरित्र, पंजाबी गीत, राजस्थानी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

उक्त आयोजन को सफल बनाने में प्रधान पाठक श्री हितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक झानेन्द्र कुमार, राजेश दुबे, तेजनाथ निर्मलकर, शिक्षिका डिलेश्वरी विश्वकर्मा, तृप्ति सिन्हा, वेणुप्रभा साहू, चेतना मानिकपुरी, नीलम निर्मलकर, खिलेश्वरी मानिकपुरी, बस चालक संजय कंवर, कंडक्टर गगनदीप साहू का सहयोग रहा।

